रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 48] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 18, 2000/पौष 28, 1921
No. 48] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 18, 2000/PAUSA 28, 1921

खान और खनिज मंत्रालय

(खान विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जनवरी, 2000

सा. का. नि. 56 (अ).—केन्द्रीय सरकार, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खनिज रियायत नियम, 1960 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (क) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खनिज रियायत (संशोधन) नियम, 2000 है ।

(ख) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. खनिज रियायत नियम, 1960 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है) के नियम 2 के खंड (i) में "(विनियमन और विकास)" शब्दों और कोष्ठकों के स्थान पर "(विकास और विनियमन)" कोष्ठक और शब्द रखे जाएंगे ।

3. मूल नियमों के नियम 3 में "(1962 का 33)" कोष्ठकों, शब्द और अंकों के पश्चात् निम्नलिखित शब्द और अक्षर अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् ,—

"और अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग ख में सूचीबद्ध परमाणु खनिजों से संबंधित अनुज्ञापन के संबंध में उसके अधीन बनाए गए नियमों "

4. मूल नियमों में "अध्याय 2— अनुमोदन प्रमाणपत्र" के स्थान पर निम्नलिखित अध्याय रखा जाएगा, अर्थात् :—

"अध्याय 2

अवीक्षी अनुज्ञापत्र की मंजूरी

4. अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन— (1) अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन प्ररूप 'क' में राज्य सरकार को ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी की मार्फत किया जाएगा जिसे राज्य सरकार इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे ।

(2) (क) प्रत्येक ऐसे आवेदन के साथ ऐसी अप्रतिदेय फीस होगी जो पाच रुपए प्रतिवर्ग किलोमीटर की दर से संगणित की जाएगी ।

(ख) राज्य सरकार द्वारा विहित प्ररूप मे उस सरकार से या किसी अधिकारी या प्राधिकारी से जो इस निमित्त उस सरकार द्वारा प्राधिकृत किया गया हो एक अनापत्ति प्रमाणपत्र खनन शोध्यो के संदाय के लिए जैसे स्वामिस्व या अनिवार्य भाटकया भू-पृष्ठ भाटक, जो अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमो के अधीन सदेय हो :

परन्तु जहां किसी व्यक्ति ने राज्य सरकार के समाधान पर्यन्त यह कथन करते हुए शपथ-पत्र दिया है कि उसके पास अवीक्षी अनुज्ञापत्र नही है और न ही उसके पास रहा है उसके लिए उक्त विधिमान्य अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक नही होगा :

परन्तु यह कथन करने वाला शपथ-पत्र की कोई शोध्य बकाया नही है इस शर्त के अधीन पर्याप्त होगा कि पूर्वोक्तानुसार अपेक्षित प्रमाणपत्र आवेदन की तारीख से नब्बे दिन के भीतर प्रेषित कर दिया जाएगा और आवेदन अविधिमान्य हो जाएगा, यदि पक्षकार उक्त नब्बे दिन के भीतर प्रमाणपत्र फाइल करने मे असफल रहता है ·

परन्तु यह और भी कि जहा किसी न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी ऐसे खनन शोध्यों या आयकर की वसूली पर रोक लगाते हुए कोई व्यादेश जारी किया गया है वहां उसके संदाय न किए जाने को अवीक्षी अनुज्ञापत्र अनुदत्त करने के प्रयोजन के लिए निरर्हता नही माना जाएगा :

परन्तु यह और कि जहा आवेदक एक भागीदारी फर्म या कोई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है वहां ऐसा प्रमाणपत्र, यथास्थिति, भागीदारी फर्म के सभी व्यक्तियों या प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सभी सदस्यों द्वारा प्रेषित किया जाएगा ।

(ग) एक शपथपत्र यह कथन करते हुए कि आवेदक ने--

(i) अद्यतन आयकर विवरणी फाइल कर दी है ;

(ii) उसके लिए निर्धारित आयकर का सदाय कर दिया है ; और

(iii) आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में यथाउपबंधित अपने निर्धारण के अधार पर आयकर का संदाय कर दिया है ।

(घ) एक शपथ-पत्र राज्य मे क्षेत्रों की खनिजवार विशिष्टियां दर्शित करते हुए, जो आवेदक या उसके साथ सयुक्त रूप से कोई व्यक्ति--

(i) पहले से ही अवीक्षी अनुज्ञापत्र के अधीन धारण करता है ;

(ii) आवेदन कर दिया है किन्तु मंजूर नही हुआ है ; और

(iii) इसके साथ-साथ आवेदन किया है ।

4क. आवेदन की अभिस्वीकृति— (1) जहां अवीक्षी अनुज्ञापत्र की अनुदत्त करने के लिए कोई आवेदन स्वयं परिदत्त किया जाए वहां उसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति तत्काल की जाएगी ।

(2) जहां ऐसा आवेदन रजिस्ट्रीकृत डाक से प्राप्त हो वहां उसकी प्राप्ति उसी दिन अभिस्वीकृत की जाएगी ।

(3) अन्य किसी दशा मे, ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीन दिनों के भीतर अभिस्वीकृत की जाएगी ।

(4) प्रत्येक ऐसे आवेदन की प्राप्ति प्ररूप 'घ-1' में अभिस्वीकृत की जाएगी ।

5. अवीक्षी अनुज्ञापत्र के आवेदन का नामंजूर किया जाना-- (1) राज्य सरकार सुनवाई का अवसर दिए जाने के पश्चात् और लेखबद्ध रूप में अभिलिखित कारणो से तथा आवेदक को संसूचित करने के पश्चात् आवेदित क्षेत्र के सपूर्ण या उसके भाग के लिए अवीक्षी अनुज्ञापत्र अनुदत्त करने से इंकार कर सकेगी ।

(2) जहां यह प्रतीत होता है कि आवेदन सभी तात्विक विशिष्टियो के साथ पूर्ण नही है या अपेक्षित दस्तावेजो के साथ नही है वहा राज्य सरकार, सूचना द्वारा, आवेदक से, यथास्थिति, किसी कमी को पूरा करने के लिए या दस्तावेजो को बिना विलंब के और किसी भी दशा मे आवेदक द्वारा उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के अपश्चात्, प्रेषित करने की अपेक्षा करेगी ।

6 आवेदक की मृत्यु पर अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए मंजूरी की प्रास्थिति-- (1) जहां अवीक्षी अनुज्ञापत्र की मजूरी के लिए किसी आवेदक की, उसे अवीक्षी अनुज्ञापत्र मजूरी होने का आदेश पारित होने से पूर्व मृत्यु हो जाती है वहां अवीक्षी अनुज्ञापत्र मजूर करने का आवेदन उसके विधिक प्रतिनिधि द्वारा किया गया माना जाएगा ।

(2) ऐसे आवेदक की दशा में जिसके संबंध में अवीक्षी अनुज्ञापत्र मंजूर करने का कोई आदेश पारित हो गया है किन्तु उसकी नियम 7क के उपनियम (1) में निर्दिष्ट विलेख निष्पादित किए जाने से पूर्व मृत्यु हो जाती है, वहां आदेश, मृतक के विधिक प्रतिनिधि के नाम में पारित किया गया माना जाएगा ।

7. अवीक्षी अनुज्ञापत्र की शर्तें—(1) इन नियमों के अधीन अनुदत्त प्रत्येक अवीक्षी अनुज्ञापत्र किन्हीं अन्य शर्तों के साथ जो उनमें विनिर्दिष्ट की जाएं, निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा, अर्थात् :—

(i) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक अनुज्ञापत्र के अधीन अनुदत्त क्षेत्र का निम्नलिखित रूप में लगातार त्याग करेगा :—

(क) दो वर्ष पूरा होने के पश्चात्, क्षेत्र एक हजार वर्ग किलोमीटर या अनुदत्त क्षेत्र के पचास प्रतिशत तक, इनमें जो कम हो, कम हो जाएगा ; और

(ख) क्षेत्र का और त्याग इस प्रकार किया जाएगा कि अनुज्ञापत्र धारक के पास तीसरे वर्ष के अंत में पच्चीस वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र न रहे ।

(ii) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक अनुज्ञापत्र की मंजूरी के आदेश में विनिर्दिष्ट न्यूनतम व्यय, वचनबद्धता और विनिर्दिष्ट भौतिक लक्ष्यों का कठोरता से पालन करेगा। इसमें असफल रहने पर अवीक्षी अनुज्ञापत्र रद्द किया जा सकेगा ।

(iii) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक अवीक्षा संक्रियाओं के दौरान उसके द्वारा एकत्रित सभी डाटा भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय खान ब्यूरो और राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगा जो अवीक्षी अनुज्ञापत्र की अवधि पूरी होने के कम-से-कम दो वर्ष पश्चात् किसी पूर्वेक्षण विनिधानकर्ता को उपलब्ध कराया जा सकेगा ।

(iv) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक, यथास्थिति, वन विभाग या प्राइवेट भूमि के स्वामी की अनुज्ञा के बिना किसी वन भूमि या किसी प्राइवेट भूमि पर प्रवेश नहीं करेगा ।

(v) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक अवीक्षी संक्रियाओं में उसके द्वारा उपगत सभी व्ययों का यर्थात सही लेखा रखेगा ।

(vi) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का धारक राज्य सरकार को उस अवधि के दौरान उसके द्वारा किए गए कार्य की छमाही रिपोर्ट और उसके द्वारा एकत्रित मूल्यवान डाटा प्रस्तुत करेगा और रिपोर्ट अवधि समाप्त होने के तीन मास के भीतर प्रस्तुत की जाएगी ।

(vii) अनुज्ञापत्र धारक, अनुज्ञापत्र की समाप्ति के तीन मास के भीतर या संक्रियाओं के परित्याग या अनुज्ञापत्र के पर्यावसान पर, इनमें जो भी पूर्वतर हो, राज्य सरकार को उसके द्वारा किए गए कार्य की पूरी रिपोर्ट और अनुज्ञापत्र वाले क्षेत्र में अवीक्षी अनुज्ञापत्र के दौरान उसके द्वारा अर्जित खनिज स्रोतों की सुसंगत सभी जानकारी प्रस्तुत करेगा ।

(viii) उपखंड (vi) या उपखंड (vii) के अधीन रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय, अनुज्ञापत्र धारक यह विनिर्दिष्ट कर सकेगा कि उसके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट या डाटा पूर्णतः या भागतः गुप्त रखा जाएगा और राज्य सरकार उसके पश्चात् विनिर्दिष्ट भाग को अनुज्ञापत्र की समाप्ति से या संक्रियाओं के परित्याग या अनुज्ञापत्र के पर्यावसान से, इनमें जो भी पूर्वतर हो, दो वर्ष की अवधि के लिए गुप्त रखेगी ।

(ix) अनुज्ञापत्र धारक केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी को रखे गए लेखों की परीक्षा के लिए प्रत्येक समय अनुज्ञात करेगा और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या इन निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को ऐसी जानकारी और विवरणियां भेजेगा ।

(x) अनुज्ञापत्र धारक केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को उसके द्वारा चलायी जा रही किसी अवीक्षी संक्रियाओं का निरीक्षण करने के लिए अनुज्ञात करेगा ।

(xi) अनुज्ञापत्र धारक ऐसी अनुज्ञापत्र फीस जो राज्य सरकार द्वारा नियत की जाए और जो प्रत्येक वर्ष या उसके किसी भाग के लिए अनुज्ञापत्र धारक द्वारा धारित भूमि के लिए पांच रुपए प्रतिवर्ग किलोमीटर से कम नहीं हो और बीस रुपए प्रतिवर्ग किलोमीटर से अधिक न हो ।

(2) अवीक्षी अनुज्ञापत्र में ऐसी अन्य शर्तें अंतर्विष्ठ हो सकेंगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिरोपित की जाएं जिनके अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ यह शर्त है कि महानिदेशालय, नागर विमानन या रक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधि हवाई सर्वेक्षणों के दौरान उपस्थित रहेगा ।

(3) राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, अनुज्ञापत्र में ऐसी और शर्तें अधिरोपित कर सकेगी जिन्हें वह खनिज विकास के हित में और विभिन्न विधिक उपबंधों के अनुपालन के लिए आवश्यक समझे ।

(4) इस नियम द्वारा या इसके अधीन अवीक्षी अनुज्ञापत्र के किसी धारक पर अधिरोपित किसी शर्त के भंग की दशा में राज्य सरकार लेखबद्ध आदेश द्वारा अनुज्ञापत्र को रद्द कर सकेगी, प्रतिभूति के रूप में अनुज्ञापत्र धारक द्वारा निक्षेपित रकम को पूर्ण रूप से या भागतः समपहृत कर सकेगी :

परन्तु ऐसा कोई आदेश अनुज्ञापत्र धारक को अपने मामले को प्रस्तुत करने का युक्तियुक्त अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा ।

7क. अवीक्षी अनुज्ञापत्र का तीन मास के भीतर निष्पादित किया जाना—(1) जहां किसी अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए किए गए आवेदन पर ऐसे अनुज्ञापत्र के अनुदान के लिए कोई आदेश किया गया है वहां उस आदेश के संसूचित किए जाने की तारीख से नब्बे दिन के भीतर या ऐसी अतिरिक्ति अवधि के भीतर जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त अनुज्ञात की जाए, ऐसा अनुज्ञापत्र मंजूर करने वाला विलेख निष्पादित किया जाएगा और यदि ऐसा कोई विलेख आवेदक की ओर से हुए किसी व्यतिक्रम के कारण ऐसी अवधि के भीतर निष्पादित नहीं किया जाता है तो राज्य सरकार अवीक्षी अनुज्ञापत्र अनुदत्त करने वाले आदेश को प्रतिसंहृत कर सकेगी और उस दशा में संदत्त फीस राज्य सरकार को समपहृत हो जाएगी ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट विलेख प्ररूप च-1 में या उसके इतने निकटवर्ती प्ररूप में होगा जो प्रत्येक मामले की परिस्थितियों द्वारा अपेक्षित हो ।

(3) उस अवधि के, जिसके लिए अवीक्षी अनुज्ञापत्र मंजूर किया गया है, प्रारंभ की तारीख वह होगी जिस तारीख को सभी आवश्यक अनापत्तियां अभिप्राप्त करने के पश्चात विलेख निष्पादित किया गया है ।

7ख. प्रतिभूति निक्षेप—(i) अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए कोई आवेदक, नियम 7क के उपनियम (1) में निर्दिष्ट विलेख के निष्पादन से पूर्व अनुज्ञापत्र के निबंधनों और शर्तों के अनुपालन के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रत्येक प्रतिवर्ग किलोमीटर या उसके भाग के लिए, जिसके लिए अनुज्ञापत्र मंजूर किया गया है, बीस रुपए की दर से राशि का निक्षेप करेगा ।

(ii) उपर्युक्त उपखंड (1) के अधीन किया गया कोई निक्षेप यदि नियमों के अधीन समपहृत नहीं किया गया है, आवेदक को नियम 7 के उपनियम (1)(vii) में निर्दिष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के शीघ्र पश्चात् वापस कर दिया जाएगा ।

7ग. अन्य खनिजों की पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियां और खनन पट्टे— उन खनिजों से भिन्न, जिनके लिए अनुज्ञापत्र मंजूर किया गया है खनिजों के लिए अवीक्षी अनुज्ञापत्र के अधीन अनुदत्त क्षेत्र के भीतर पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियां या खनन पट्टे के अनुदान के लिए प्राप्त आवेदन इन आधारों पर नामंजूर नहीं किए जाएंगे कि अनुदान के लिए क्षेत्र उपलब्ध नहीं हैं । राज्य सरकार ऐसे आवेदनों का निपटारा इन नियमों के उपबंधों के अनुसार करेगी :

परन्तु यदि अन्य खनिज के लिए कोई पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा अनुदत्त क्षेत्र के भीतर किसी अन्य आवेदक को अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए अनुदत्त किया गया है और जहां अवीक्षी अनुज्ञापत्र धारक इस प्रकार बाद में अनुदत्त क्षेत्र के भीतर अपने अनुज्ञापत्र के अधीन आने वाले खनिजों की उपलब्धता, अवीक्षी अनुज्ञापत्र के अधीन आने वाले से भिन्न खनिजों के पूर्वेक्षण या खनन के लिए, उसके पश्चात् पाता है तो उसे ऐसे क्षेत्र को, यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारी या पट्टाधारी से खाली कराने का अधिकार होगा और ऐसे अनुज्ञप्तिधारी या पट्टाधारी अवीक्षी अनुज्ञापत्र धारक द्वारा की जाने वाली अवीक्षी संक्रियाओं में बाधा नहीं डालेगा ।

7घ. रजिस्टर— (1) अवीक्षी अनुज्ञापत्रों के लिए आवेदनों का एक रजिस्टर राज्य सरकार द्वारा प्ररूप छ-1 में रखा जाएगा ।

(2) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का एक रजिस्टर राज्य सरकार द्वारा प्ररूप ज-1 में रखा जाएगा ।"

5. मूल नियमों के नियम 8 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

"8. अध्याय 2, अध्याय 3 और अध्याय 4 का लागू होना– अध्याय 2, अध्याय 3 और अध्याय 4 के उपबंध अवीक्षी अनुज्ञापत्रों की मंजूरी के लिए और पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियों तथा खनन पट्टों की मंजूरी और नवीकरण के लिए केवल उस भूमि के संबंध में लागू होंगे जिनमें खनिज किसी राज्य सरकार में निहित है ।"

6. मूल नियमों के नियम 9 में उपनियम (2) में,–

(i) खंड (क) में "फीस" शब्द के स्थान पर "अप्रतिदेय फीस" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (घ) के परन्तुक में से "यह और कि" शब्दों का लोप किया जाएगा ;

(iii) खंड (घ) के परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :–

"परन्तु यह और कि जहां किसी न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी से ऐसी खनन संबंधी शोध्य या आयकर की वसूली को रोकते हुए कोई व्यादेश निकाला है वहां उनके असंदाय को उक्त पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के मंजूर करने या नवीकरण के प्रयोजन के लिए अनर्हरता नहीं माना जाएगा :

परन्तु यह कि जहां किसी व्यक्ति से राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप से ऐसा शपथ-पत्र दिया है जिसमें यह कथन किया गया है कि वह कोई पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारण नहीं करता है और उसने इसे धारण नहीं किया है, वहां उक्त विधिमान्य अनापत्ति प्रमाणपत्र पेश करना उसके लिए आवश्यक नहीं होगा :

परन्तु यह और कि शपथित शपथ-पत्र जिसमें यह कथन किया गया हो कि कोई शोध्य बकाया नहीं है इस शर्त के अधीन पर्याप्त होगा कि ऊपर अपेक्षित प्रमाणपत्र अविधिमान्य हो जाएगा यदि पक्षकार उक्त नब्बे दिन के भीतर प्रमाणपत्र फाइल करने में असफल रहता है ।"

(iv) खंड (च) में से "प्रत्येक" शब्द का लोप किया जाएगा ।

(v) खंड (छ) में,–

(क) दूसरे परन्तुक में से "यह और कि" शब्दों का लोप किया जाएगा ।

(ख) दूसरे परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"परन्तुक यह और कि नवीकरण के मामले में वहां अतिरिक्त सहमति अपेक्षित नहीं होगी जहां अनुज्ञप्ति मंजूर किए जाने के दौरान सहमति पहले ही अभिप्राप्त कर ली गई है ।"

(ग) तीसरे, चौथे और पांचवें परन्तुको का लोप किया जाएगा ।

7. मूल नियमों के नियम 11 में उपनियम (3) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"(4) राज्य सरकार उपनियम (2) में विहित समय सीमा के पश्चात् पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए किए गए आवेदन के प्रस्तुत करने में हुए विलंब को माफ कर सकेगी यदि नवीकरण के लिए आवेदन अनुज्ञप्ति के अवसान के पूर्व किया गया है ।" ।

8. मूल नियमों के नियम 12 में, उपनियम (2) में परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"परन्तु यह और कि पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए प्राप्त आवेदनों पर केवल तभी विचार किया जाएगा यदि उनका पहले निपटारा नहीं किया गया है ।" ।

9. मूल नियमों के नियम 13 का लोप किया जाएगा ।

10. मूल नियमों के नियम 14 में,—

(क) (1) में,—

(i) खंड (vii) में, अंत में निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु कोई पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ऐसे व्यक्ति को अंतरित नहीं की जाएगी जिसने यह कथन करते हुए शपथ-पत्र फाइल नहीं किया है कि उसने अद्यतन आयकर विवरणियां फाइल कर दी है और उस पर निर्धारित आयकर का संदाय कर दिया है तथा आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में यथाउपबंधित स्वयं निर्धारण के आधार पर आयकर का संदाय कर दिया है और सिवाय तब जब कि राज्य सरकार को पांच सौ रुपए की फीस का संदाय किया गया हो ।

(ii) खंड (ix) में "खान अधिनियम, 1952" शब्दों और अंकों के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1952 का 35) और परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) के उपबंध जहां तक पश्चातवर्ती अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग ख में अंतर्विष्ट परमाणु खनिजों से संबंधित हैं ।";

(iii) खंड (xii) के परन्तुक का लोप किया जाएगा ।

(ख) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"3. राज्य सरकार या तो केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से या केन्द्रीय सरकार के अनुरोध पर ऐसी अतिरिक्त शर्तें अधिरोपित कर सकेंगी जो खनिज विकास के हित में, जिसमें परमाणु खनिजों का विकास सम्मिलित है, आवश्यक हों ।"

11. मूल नियमों के नियम 18 में "शुद्ध" शब्द के स्थान पर "यथार्त" शब्द रखा जाएगा ।

12. मूल नियमों के नियम 22 में,—

(क) (i) उपनियम (3) में खंड (i) के उपखंड (क) में "फीस" शब्द के स्थान पर "अप्रतिदेय फीस" शब्द रखे जाएंगे ।

(ii) खंड (घ) में परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"परन्तु जहां किसी न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी ने ऐसी खनन संबंधी शोध्य या आयकर की वसूली को रोकते हुए कोई व्यादेश निकाला है वहां उनके असंदाय को उक्त खनन पट्टे को मंजूर करने या नवीकरण के प्रयोजन के लिए निरर्हता नहीं माना जाएगा :

परन्तु जहां किसी व्यक्ति ने राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप से शपथ-पत्र दिया है जिसमें यह कथन किया गया है कि वह कोई खनन पट्टा धारण नहीं करता है और उसने खनन पट्टा धारण नहीं किया है वहां उक्त उसके लिए विधिमान्य अनापत्ति प्रमाणपत्र पेश करना आवश्यक नहीं होगा :

परन्तु उचित रूप से शपथित शपथ-पत्र जिसमें यह कथन किया गया है कि कोई शोध्य रकम बकाया नहीं है, इस शर्त के अधीन पर्याप्त होगा कि उपरोक्त अपेक्षित प्रमाणपत्र आवेदन की तारीख से नब्बे दिन के भीतर प्रेषित कर दिया जाएगा और यदि पक्षकार उक्त नब्बे दिन के भीतर यह प्रमाणपत्र फाइल करने में असफल रहता हे तो आवेदन अविधिमान्य हो जाएगा :

परन्तु यह और कि उपखंड (घ) के अधीन अनापत्ति प्रमाणपत्र की मंजूरी उन खनन शोध्य के संदाय के दायित्व से ऐसे प्रमाणपत्र के धारक को उन्मोचित नहीं करेगी जो बाद में अधिनियम के अधीन या तदधीन बनाए गए नियमों के अधीन उसके द्वारा संदेय जाएं ।

(iii) उपखंड (छ) में से "प्रत्येक" शब्द का लोप किया जाएगा ;

(iv) उपखंड (ज) में चौथे, पांचवें, छठवें और सातवें परन्तुकों का लोप किया जाएगा ;

(ख) उपनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"(4क) उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार खनिज संरक्षण और विकास नियम 1988 के नियम 42 के उपनियम (1) के खंड (ख) के उपखंड (i) में यथाविनिर्दिष्ट 'क' प्रवर्ग खानों से भिन्न खानों के लिए गैर-धात्विक या औद्योगिक खनिजों के संबंध में खनन रेखांक अनुमोदित करने के लिए सक्षम होगी :

परन्तु राज्य सरकार खनन रेखांक के अनुमोदन की शक्ति का प्रयोग ऐसे अधिकारी या अधिकारियों के माध्यम से करेगी जो इस प्रयोजन के लिए ऐसी अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव रखते हों जो समय-समय पर भारतीय खान ब्यूरो के महानिदेशक द्वारा विहित की जाएं :

परन्तु यह और कि जहां राज्य सरकार के पास ऐसा अधिकारी नहीं है जो अपेक्षित अर्हरताएं और अनुभव रखता हो वहां उस सरकार के संबंध में पूर्वोक्तानुसार खनन रेखांक के अनुमोदन की शक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रयोग की जाएगी :

परन्तु यह और भी कि राज्य सरकार के पास किसी भविष्य की तारीख में अपेक्षित अर्हरताओं और अनुभव वाले अधिकारियों के उपलब्ध होने की दशा में, राज्य सरकार भारतीय खान ब्यूरो के महानिदेशक को इस विषय की रिपोर्ट करेगी और पूर्वोक्तानुसार राज्य सरकार उसके पश्चात् केन्द्रीय सरकार को बिना किसी निर्देश के खनन रेखांक की अनुमोदन की शक्ति का प्रयोग करेगी । ";

(ग) उपनियम (5) में,–

(i) खंड (i) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(i) खनिज पदार्थ की प्रकृति और विस्तार दर्शाते हुए पट्टे वाले क्षेत्र के रेखांक, वह/वे स्थल जहां आवेदक या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा एकत्रित पूर्वेक्षण डाटा पर आधारित खनन संक्रियाएं प्रस्तावित हैं ";

(ii) खंड (v) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(v) खनन की अंनतिम स्कीम और वार्षिक कार्यक्रम तथा पांच वर्ष के लिए वर्षानुवर्ष उत्खनन के लिए रेखांक ; और ";

(घ) उपनियम (5) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"(6) एक बार अनुमोदित खनन रेखांक पट्टे की संपूर्ण अवधि के लिए विधिमान्य होगी :

परन्तु खनन रेखांक का कोई उपांतरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और उपांतरित खनन रेखांक का ऐसा अनुमोदन खनन पट्टे की बाकी अवधि के दौरान विधिमान्य रहेगा । " ।

13. मूल नियमों के नियम 22खख के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :–

"22खख (1) नियम 63 के उपबंधों के होते हुए भी, अनुमोदन के लिए खनन रेखांक अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग क और भाग ख में विनिर्दिष्ठ खनिजों के सिवाय, यथास्थिति, भारतीय खान ब्यूरोके महानियंत्रक द्वारा या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त अधिसूचित प्राधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा ;

(2) नियम 54 के उपबंधों के होते हुए भी भारतीय खान बयूरो के मुख्य खान नियंत्रक से भिन्न खनन रेखांक अनुमोदित करने के लिए केन्द्रीय सरकार के सक्षम अधिकारी द्वारा खनिजों के लिए, जो अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग क और भाग ख में सूचीबद्ध खनिजों से भिन्न हैं, खनन रेखंक के संबंध में किए गए आदेश या जारी किए गए निदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे आदेश या निदेश की संसूचना से तीस दिन के भीतर ऐसे

प्राधिकारी को आदेश या निदेश के पुनरीक्षण के लिए आवेदन कर सकेगा जिससे उक्त अधिकारी अव्यवहित रूप में अधीनस्थ हैं :

परन्तु ऐसा कोई आवेदन उक्त तीस दिन की अवधि के पश्चात् ग्रहण किया जा सकेगा यदि आवेदक प्राधिकारी का यह समाधान कर देता है कि उसके पास समय के भीतर आवेदन न करने का पर्याप्त कारण था ।

(3) उपनियम (1)के अधीन पुनरीक्षण के लिए किसी आवेदन की प्राप्ति पर व्यथित व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् प्राधिकारी उसके अधीनस्थ किसी अधिकारी द्वारा किए गए आदेश या जारी किए गए निदेश को पुष्ट, उपांतरित या अपास्त कर सकेगा ;

(4) भारतीय खान ब्यूरो के मुख्य खान नियंत्रक द्वारा खनन रेखांक के अनुमोदन की बाबत किए गए आदेश या जारी किए गए निदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे आदेश या निदेश की संसूचना के तीस दिन के भीतर भारतीय खान ब्यूरो महानियंत्रक को ऐसे आदेश या निदेश के पुनरीक्षण के लिए आवेदन कर सकेगा और उस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा :

परन्तु ऐसा कोई आवेदन उक्त तीस दिन की अवधि के पश्चात् ग्रहण किया जा सकेगा यदि आवेदक भारतीय खान ब्यूरो के महानियंत्रक का यह समाधान कर देता है कि समय के भीतर आवेदन न किए जाने का उसके पास पर्याप्त कारण था ;

(5) उपनियम (4) के अधीन ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर भारतीय खान ब्यूरो का महानियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो के मुख्य खान नियंत्रक द्वारा किए गए आदेश या जारी किए गए निदेश को पुष्ट, उपांतरित या अपास्त कर सकेगा ।

(6)(क) उपरोक्त उपनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खनन रेखांक की बाबत किए गए आदेश या जारी किए गए निदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे आदेश या निदेश की संसूचना से तीस दिन के भीतर भारतीय खान ब्यूरो के महानियंत्रक को आदेश या निदेश के पुनरीक्षण के लिए आवेदन कर सकेगा और उस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा ;

(ख) पूर्ववर्ती उपनियमों में प्रगणित प्रक्रिया, यथावश्यक परिवर्तन सहित, ऐसे आवेदन के निपटारे में अपनायी जाएगी ।

(7) खनन रेखांकों के अनुमोदन के संबंध में उपनियम (1) और उपनियम (2) के अधीन शक्तियां निदेशक, खोज और अनुसंधान, परमाणु खनिज निदेशालय, हैदराबाद द्वारा प्रयोग की जाएगी और उपनियम (3) से उपनियम (5) के अधीन पुनरीक्षण की बाबत सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुम्बई द्वारा प्रयोग की जाएंगी जहां तक वे अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग ख में विनिर्दिष्ट परमाणु खनिजों से संबंधित हैं ।

(8) खनन रेखांक के अनुमोदन की बाबत उपनियम (1) से उपनियम (5) के अधीन शक्ति और पुनरीक्षण जहां तक वे अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग क में विनिर्दिष्ट कोयला और लिग्नाइट से संबंधित है कोयला विभाग द्वारा अधिसूचना द्वारा, इस निमित्त अभिहित प्राधिकारियों द्वारा प्रयोग की जाएंगी ।" ।

14. मूल नियमों के नियम 22ग में,—

(i) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) मान्यता दस वर्षों की आरंभिक अवधि के लिए अनुदत्त की जाएगी और एक बार में दस वर्ष से अनधिक वर्ष की अवधि के लिए नवीकरण किया जा सकेगा :

परन्तु सक्षम प्राधिकारी संबद्ध व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् लेखबद्ध रूप में अभिलिखित कारणों से मान्यता को नवीकरण करने से इंकार कर सकेगा ।"

(ii) उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(4) मान्यता के लिए किसी आवेदन की मंजूरी या नवीकरण से इंकार करने वाले संक्षम प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो को की जाएगी और उस पर उसका आदेश अंतिम होगा ";

(iii) स्पष्टीकरण के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"स्पष्टीकरण— इस नियम के प्रयोजन के लिए, मुख्य खान नियंत्रक, खान नियंत्रक और प्रादेशिक खान नियंत्रक सक्षम प्राधिकारी समझे जाएंगे । " ।

15. मूल नियमों के नियम 24क में,—

(i) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) अधिनियम के पहली अनुसूची के भाग क और भाग ख में विनिर्दिष्ट खनिज के संबंध में अनुदत्त खनिज पट्टे का नवीकरण या उनके नवीकरण केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से राज्य सरकार द्वारा अनुदत्त किए जा सकेंगे । ";

(ii) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) ऐसे खनिज के संबंध में जो अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग क और भाग ख में विनिर्दिष्ट नहीं हैं अनुदत्त खनिज पट्टे का नवीकरण या उनके नवीकरण राज्य सरकार द्वारा अनुदत्त किए जा सकेंगे । ";

(iii) उपनियम (7) का लोप किया जाएगा ;

(iv) उपनियम (10) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(10) उपनियम (1) में विहित समय सीमा के पश्चात् खनिज पट्टे के नवीकरण के लिए आवेदन में हुए विलंब को राज्य सरकार माफ कर सकेगी यदि आवेदन पट्टे के पर्यावसान से पूर्व किया गया है " ।

16. मूल नियमों के नियम 25 का लोप किया जाएगा ।

17. मूल नियमों के नियम 27 में,—

(क) उपनियम (1) में,—

(i) खंड (झ) में "सही लेखा" शब्दों के स्थान पर "यथार्त और सही लेखा" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (ट) में "खान अधिनियम, 1952" शब्दों और अंकों के पश्चात् निम्नलिखित शब्द और अंक अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :—

"(1952 का 35) और परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) जहां तक वे अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग ख में सम्मिलित परमाणु खनिजों से संबंधित हैं ";

(ख) उपनियम (2) के खंड (ठ) के पश्चात् निम्नलिखित खंड (ठक) अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(ठक) खनिज पट्टे के पर्यावसान के पश्चात् या पूर्वतर अवसान या अभ्यर्पण या परित्याग के पश्चात् पट्टाधृत क्षेत्र से खनिज, अयस्क, संयंत्र, मशीनरी और अन्य संपत्तियों को हटाने के लिए समय सीमा ;";

(ग) उपनियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(3) राज्य सरकार या तो केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से या केन्द्रीय सरकार के अनुरोध पर ऐसी अतिरिक्त शर्तें खनिज विकास के हित में जिसमें परमाणु खनिजों का विकास सम्मिलित है, अधिरोपित कर सकेगी जिन्हे वह आवश्यक समझे । " ।

18. मूल नियमों के नियम 28 में, उपनियम (4) में स्पष्टीकरण 2 के पश्चात् निम्नलिखित स्पष्टीकरण अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"स्पष्टीकरण 3.– ऐसे खनिज पट्टेदार के मामले में जिन्होंने अवीक्षी संक्रियाएं अपने ऊपर ले ली हैं या ऐसे खनिज पट्टेदार के मामले में जिसका खान विकास में पूंजी विनिधान दो सौ करोड़ रुपए से अधिक की योजना बनाई गई है और जहां खान विकास दो या अधिक वर्षों में पूरा होने की संभावना है वहां राज्य सरकार इसे लगातार दो वर्षों से अनधिक की अवधि के लिए खनन संक्रियाओं के प्रारंभ न होने के लिए पर्याप्त कारण मानेगी ।" ।

19. मूल नियमों के नियम 31 में उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(2) उस अवधि के प्रारंभ की तारीख जिसके लिए खनिज पट्टा अनुदत्त किया गया है वह तारीख होगी जिसको उपनियम (1) के अधीन सम्यक रूप से निष्पादित विलेख रजिस्ट्रीकृत किया गया है ।" ।

20. मूल नियमों के नियम 32 में "दो हजार रुपए" शब्दों के स्थान पर "दस हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे ।

21 मूल नियमों के नियम 34 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"35. कतिपय व्यक्तियों के अधिमानी अधिकार– जहां एक ही भूमि के संबंध में दो या अधिक व्यक्तियों ने अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के लिए आवेदन किया है वहां राज्य सरकार धारा 11 की उपधारा (2) के प्रयोजन के लिए, धारा 11 की उपधारा (3) के खंड (क) से खंड (घ) मे उल्लिखित विषयों के अतिरिक्त, आवदेक द्वारा खनिज के वास्तविक उपयोग पर विचार करेगी ।"

22. मूल नियमों के नियम 37 में,--

(i) उपनियम (1) में,--

(क) "प्रथम अनुसूची" शब्दों के पश्चात् "के भाग क और भाग ख" शब्द और अक्षर अंतःस्थापित किए जाएंगे ।

(ख) खंड (ख) में "कोई ऐसा" शब्दों के पश्चात् "सद्भावी" शब्द अंतःस्थापित किया जाएगा ।

(ii) उपनियम (2) में चौथे परन्तुक का लोप किया जाएगा ।

23. मूल नियमो के नियम 37क के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"38. पट्टो का समामेलन-- राज्य सरकार, खनिज विकास के हित में लेखबद्ध रूप मे अभिलिखित कारणों से पट्टाधारी द्वारा धारित दो या अधिक लगे हुए पट्टों को समामेलित करने की अनुज्ञा दे सकेगी :

परन्तु समामेलित पट्टो की अवधि उस पट्टे की सहविस्तारी होगी जिसकी अवधि पहले समय होगी :

परन्तु यह और कि अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग क और भाग ख मे विनिर्दिष्ट खनिजो के पट्टों के संबंध में ऐसे समामेलन के लिए केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा ।" ।

24. मूल नियमो के नियम 39 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"39. अंतरण और समामेलन के लिए अवधि जो लंबित है– इन नियमो के प्रारंभ पर लंबित खनिज पट्टे के अंतरण या खनिज पट्टों के समामेलन के लिए आवेदन इन नियमों के अनुसार निपटाया जाएगा ।" ।

25. मूल नियमो के नियम 54 में उपनियम (1क) का लोप किया जाएगा ।

26. मूल नियमो के नियम 57 में,–

(क) उपनियम (1) में "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति और खनन पट्टा" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र, पूर्वेक्षण् अनुज्ञप्ति और खनन पट्टा" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उपनियम (1) और उपनियम (2) में "मुख्य खान निरीक्षक" शब्दों के स्थान पर जहां-जहां वे आते हैं, "महानिदेशक, खान सुरक्षा" शब्द रखे जाएंगे ;

(ग) उपनियम (2) में "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियां और खनन पट्टे" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियां और खनन पट्टे" शब्द रखे जाएंगे ;

27. मूल नियमों के नियम 59 में उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(1) कोई क्षेत्र--

(क) जो पहले किसी अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अधीन धारित था या धारित किया जा रहा है ; या

(ख) जो सरकार द्वारा या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा खनन से भिन्न किसी प्रयोजन के लिए आरक्षित किया गया है ; या

(ग) जिसके संबंध में, यथास्थिति, नियम 7क के उपनियम (1) या नियम 15 के उपनियम (1) या नियम 31 के उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति या पट्टा अनुदत्त किए जाने का आदेश प्रतिसंहृत किया गया है ; या

(घ) जिसके संबंध में धारा 17 की उपधारा (2) या उपधारा (4) के अधीन कोई अधिसूचना निकाली गयी है ; या

(ङ) जिसे राज्य सरकार द्वारा या अधिनियम की धारा 17क के अधीन आरक्षित किया गया है ;

अनुदान के लिए तब तक उपलब्ध नहीं होगा जब तक कि--

(i) इस आशय की एक प्रविष्टि कि यह क्षेत्र अनुदान के लिए उपलब्ध है, यथास्थिति, नियम 7घ के उपनियम (2) या नियम 21 के उपनियम (2) या नियम 40 के उपनियम (2) में निर्दिष्ट रजिस्टर में नहीं की गयी है ; और

(ii) अनुदान के लिए इसकी उपलब्धता राजपत्र में अधिसूचित नहीं कर दी गई हो और इसमें वह तारीख (जो ऐसी अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन से पूर्वतर नहीं होगी) विनिर्दिष्ट न कर दी हो जिसको ऐसा क्षेत्र अनुदान के लिए उपलब्ध होगा :

परन्तु इस नियम की कोई बात इस तथ्य के होते हुए भी कि पट्टे का पहले ही पर्यासवान हो चुका है मूल पट्टेदार या उसके विधिक वारिस के पक्ष मे पट्टे के नवीकरण को लागू नही होगी :

परन्तु यह और कि जहां नियम 58 के अधीन या अधिनियम की धारा 17क के अधीन कोई क्षेत्र किसी सरकारी कंपनी को अनुदत्त किए जाने के लिए प्रस्तावित है वहां खंड (ii) के अधीन किसी अधिसूचना का निकाला जाना अपेक्षित नहीं होगा :

परन्तु यह और भी कि जहां कोई क्षेत्र अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के अधीन धारा 11 की उपधारा (1) के निबंधनों के अनुसार अनुदत्त किया गया है वहां खंड (ii) के अधीन किसी अधिसूचना का निकाला जाना अपेक्षित नहीं होगा ।"।

28. मूल नियमों के नियम 60 में,--

(क) "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनिज पट्टे" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनिज पट्टे" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(ख) जहां ऐसी कोई अधिसूचना जारी की गई है और अधिसूचना में विनिर्दिष्ट अवधि का पर्यावसान नहीं हुआ है, वह समयपूर्व समझे जाएंगे और ग्रहण नहीं किए जाएंगे ।"

29. मूल नियमों के नियम 61 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएग, अर्थात् :–

"61. पट्टाकर्ता द्वारा पट्टेदार को कतिपय जानकारी का दिया जाना– जहां कोई क्षेत्र पहले किसी अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अधीन धारित है, वहां वह व्यक्ति जिसे ऐसा अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति या पट्टा अनुदत्त किया गया था, नए अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेधार को उस क्षेत्र में और उसके आसपास के साठ मीटर की पट्टी में परित्यक्त कार्यकरणों के सभी मूल रेखांकों या उनकी प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराएगा ।" ।

30. मूल नियमों के नियम 62 में,–

(i) उपनियम (1) में "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) विद्यमान उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(2) यदि किसी अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे का धारक बिना पर्याप्त कारण के उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट जानकारी देने में असफल रहता है तो राज्य सरकार, यथास्थिति, अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे का पर्यावसान कर सकेगी :

परन्तु ऐसा कोई आदेश, यथास्थिति, अवीक्षी अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्ति धारक या पट्टेदार को अपना पक्ष कथन करने का युक्तियुक्त अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा ।

31. मूल नियमों के नियम 66 में,–

(क) उपनियम (1) में,–

(i) आरंभिक पैरा में "अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार" शब्दों के स्थान पर "अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार" शब्द रखे जाएंगे ।

(ii) "पूर्वेक्षण या खनन" शब्दों के स्थान पर, जहा-जहां वे आते हैं, "अवीक्षी या पूर्वेक्षण या खनन" शब्द रखे जाएंगे ;

(iii) खंड (ख) में "सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, नई दिल्ली" शब्दों के स्थान पर "निदेशक, खोज और अनुसंधान, परमाणु खनिज निदेशालय, हैदराबाद" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उपनियम (2) में "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन" शब्द रखे जाएंगे ।

32. मूल नियमों के नियम 66क में,–

(क) उपनियम (1) में,–

(i) खंड (i) में "परमाणु खनिज विभाग, नई दिल्ली" शब्दों के स्थान पर "खोज और अनुसंधान, परमाणु खनिज निदेशालय, हैदराबाद" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (ii) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(2) ऐसी पूर्वेक्षण या खनन संक्रियाओं के अनुषंग में उपलब्ध हुए परमाणु खनिजों की मात्राएं पृथकतः संगृहीत और भंडारकृत की जाएंगी और उस तथ्य की रिपोर्ट प्रत्येक तीन मास में सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुम्बई और निदेशक, खोज और अनुसंधान, परमाणु खनिज निदेशालय, हैदराबाद को अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार द्वारा ऐसी और कार्रवाई करने के लिए भेजी जाएगी जो खोज और अनुसंधान के लिए परमाणु खनिज निदेशालय या परमाण विभाग द्वारा निदेशित की जाएं" ।

(ख) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा,–

"(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार परमाणु ऊर्जा विभाग से उस प्रयोजन के लिए अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने पर और राज्य सरकार को स्वामिस्व का संदाय किए जाने पर परमाणु खनिजों की किसी मात्रा को हटाने या व्ययन करने के लिए स्वतंत्र होगा "।

(ग) उपनियम (3) और उसके परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार उसमें निर्दिष्ट अवधि के भीतर राज्य सरकार की मार्फत परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) के उपबंधों के अधीन उक्त परमाणु खनिजों को हथालने के लिए अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने के लिए सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुम्बई को आवेदन करेगा :

परन्तु यदि परमाणु ऊर्जा विभाग की राय में ऐसे पूर्वेक्षण/खनन संक्रियाओं के अनुषंग में प्राप्त किए गए परमाणु खनिज लाभकारी उपयोज्य श्रेणी का नहीं है या प्राप्त की गई मात्रा तुच्छ है तो वह राज्य सरकार को अनुज्ञप्तिधारी/पट्टेदार से पृथक अनुज्ञप्ति/पट्टा अभिप्राप्त करने की छूट देने या इन नियमों के अधीन परमाणु खनिजों को सम्मिलित करने की सलाह दे सकेगा।"।

(घ) उपनियम (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(5) नियम 66(1)(ख) और इस नियम के प्रयोजन के लिए 'परमाणु खनिज' से अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग ख में सूचीबद्ध खनिज अभिप्रेत है।"।

33. मूल नियमों के नियम 69 में खंड (x) में "रूटाइल" शब्द के पश्चात "ल्यूकोगजीन" शब्द अंतःस्थापित किया जाएगा।

34. मूल नियमों के नियम 71 का लोप किया जाएगा।

35. मूल नियमों के नियम 72 में उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(1) अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे का धारक उस भूमि की सतह के अधिभोगी को जिसके संबंध में वह, यथास्थिति, अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा धारण करता है उतने वार्षिक प्रतिकर का संदाय करने का दायी होगा जितना राज्य सरकार द्वारा, अधिसूचना द्वारा, इस निमित्त नियत किसी अधिकारी द्वारा उपनियम (2) से उपनियम (4) में उपबंधित रीति में अवधारित किया जाए।"

36. मूल नियमों के नियम 73 में,—

(i) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिख्त उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(1) किसी अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे की समाप्ति के पश्चात् राज्य सरकार भूमि में अवीक्षी या पूर्वेक्षण या खनन संक्रियाओं द्वारा हुए नुकसान का, यदि कोई हो, निर्धारण करेगी और यथास्थिति, अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्तिधारी या पट्टेदार द्वारा भूमि सतह के अधिभोगी को संदेय की जाने वाली रकम अवधारित करेगी";

(ii) उपनियम (2) में "पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे" शब्दों के स्थान पर "अवीक्षी अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे" शब्द रखे जाएंगे।

37. मूल नियमों के नियम 75 में, अंत में निम्नलिखित परन्तुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि राज्य सरकार अधिसूचना में उल्लिखित अवधि के भीतर पूर्वेक्षण या खनन संक्रियाएं करने में असफल रहती है तो इस प्रकार जारी की गई अधिसूचना उक्त अवधि की समाप्ति पर व्यपगत हो जाएंगी जब तक कि यह अवधि नई अधिसूचना द्वारा विस्तारित नहीं कर दी गई हो"।

38. मूल नियमों की अनुसूची 1 में,—

(क) "2. पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन प्ररूप ख" अंक, शब्द और अक्षर से प्रारंभ होकर " 15. खनिज पट्टे के अंतरण के लिए प्रतिमान प्ररूप ण" अंको, शब्दों और अक्षर पर समाप्त होने वाले भांग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"अनुक्रमणिका

1.	अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन	प्ररूप क
2.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन	प्ररूप ख
3.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति/खनन पट्टे या नवीकरण के लिए आवेदन की प्राप्ति	प्ररूप घ
4.	अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन की प्राप्ति	प्ररूप घ-1
5.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन	प्ररूप ङ
6.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति विलेख	प्ररूप च
7.	अवीक्षी अनुज्ञापत्र विलेख	प्ररूप च-1
8.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियों के लिए आवेदनों का रजिस्टर	प्ररूप छ
9.	अवीक्षी अनुज्ञापत्रों के लिए आवेदनों का रजिस्टर	प्ररूप छ-1
10.	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियों का रजिस्टर	प्ररूप ज
11	अवीक्षी अनुज्ञापत्रों का रजिस्टर	प्ररूप ज-1
12.	खनन पट्टे के लिए आवेदन	प्ररूप झ
13.	खनन पट्टे के नवीकरण के लिए	प्ररूप ञ
14.	खनन पट्टा विलेख	प्ररूप ट
15.	खनन पट्टे के लिए आवेदनों का रजिस्टर	प्ररूप ठ
16.	खनन पट्टों का रजिस्टर	प्ररूप ड
17.	पुनरीक्षण के लिए आवेदन	प्ररूप ढ
18.	खनन पट्टे के अंतरण के लिए प्रतिमान प्ररूप	प्ररूप ण "

(ख) प्ररूप ख से पहले निम्नलिखित प्ररूप क अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"प्ररूप क "

चार प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए

-----------------------(स्थान) में

-----------------------(तारीख) को

प्राप्त हुआ

प्राप्त करने वाले अ.ाकारी

के आद्याक्षर

---------------सरकार

(अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन)

नियम 4 देखें)

तारीख ---------------------

सेवा में,

मार्फत :

महोदय,

मैं/हम निवेदन करता हूँ/करते हैं कि मुझे/ हमें खनिज रियायत नियम,1960 के अधीन अवीक्षा अनुज्ञापत्र मंजूर किया जाए ।

2.----------------- रु0 की राशि जो खनिज रियायत नियम,1960 के अनुसार 5 रु0 की दर पर प्रति वर्ग किलो मीटर या उसके भाग के लिए, इस आवेदन की बावत संदेय फीस है, निक्षिप्त कर दी गई है ।

3. अपेक्षित विशिष्टियाँ नीचे दी गई हैं :-

(i) आवेदक का नाम, पूरे पते सहित :

(ii) क्या आवेदक कोई प्राइवेट व्यष्टि/प्राइवेट कंपनी/लोक कंपनी/फर्म या संगम के हैं ?

(iii) यदि आवेदक :

(क) व्यष्टि हो, तो राष्ट्रिकता :

(ख) कंपनी हो,तो कंपनी का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित प्रति परिवेष्टित की जाएगी :

(ग) फर्म या संगम हो,तो फर्म के सभी भागीदारों या संगम के सदस्यों की राष्ट्रिकता

(iv) आवेदक की वृत्ति या उसके कारबार की प्रकृति ;

(v) खनन संबंधी शोध्य राशियों के संदाय के विधिमान्य समाशोधन प्रमाणपत्र का सं0 और तारीख (प्रति संलग्न) ;

(v i) यदि आवेदन की तारीख को आवेदक अवीक्षा अनुज्ञापत्र धारित नहीं करता है तो यह बताया जाना चाहिए कि क्या इस आशय का कोई शपथ पत्र राज्य सरकार के समाधानप्रद रूप में दिया गया है अथवा नहीं ;

(v ii) वह/वे खनिज जिसका/जिनका पूर्वेक्षण आवेदक द्वारा आशयित है ;

(v iii)वह अवधि जिसके लिए अवीक्षी अनुज्ञापत्र अपेक्षित है ;

(ix) आवेदक जिस क्षेत्र का पूर्वेक्षण करना चाहता है उस क्षेत्र का विस्तार :

(x) उस क्षेत्र के ब्यौरे जिसके बारे में अवीक्षी अनुज्ञापत्र अपेक्षित है :

जिला	तालुका	क्षेत्र

(xi) राज्य सरकार की अधिकारिता के भीतर आने वाले क्षेत्रों की उन खनिजों के अनुसार विशिष्टियाँ :–

(क) जिनके लिए आवेदक या उसके साथ संयुक्त हित रखने वाले कोई व्यक्ति पहले ही अवीक्षी अनुज्ञापत्र धारण करता है ;

(ख)जिनके लिए आवेदक या उसके साथ संयुक्त हित रखने वाले कोई व्यक्ति आवेदन कर चुका है किन्तु वह मंजूर नहीं हुआ है ;

(ग) जिनके लिए आवेदक या उसके साथ संयुक्त हित रखने वाले व्यक्ति द्वारा एक साथ आवेदन किया जा रहा है ।

(xii) यदि कोई संयुक्त हित हो तो उसकी प्रकृति :

(xiii) यदि आवेदक संकर्मो का पर्यवेक्षण करने का आशय रखता हो तो उसका अवीक्षी, पूर्वेक्षण या खनन प्रचालन का उसका पूर्व अनुभव स्पष्ट किया जाना चाहिए ; यदि वह प्रबंधक नियुक्त करना चाहता है तो ऐसे प्रबंधक का नाम, उसकी अर्हताएं उसके पूर्व अनुभव की प्रकृति और अनुभव विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए :

(xiv) आवेदक के वित्तीय साधन ;

(x v) उपर्युक्त 2 में निर्दिष्ट राशि के लिए संलग्न रसीदी खजाना चालान की विशिष्टियां ;

(x v i) आरंभ किए जाने के लिए प्रस्तावित संकर्म, उनके वस्तुतः वार्षिक लक्ष्यों सहित ;

(x v ii) क्षेत्र के त्यजन की स्कीम ;

(xv iii) अनुमानित न्यूनतम वार्षिक व्यय (कार्य–बार क्रियाकलाप)

(xix) कोई अन्य विशिष्टियाँ या स्केच मानचित्र जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहता हो ।

मैं/हम घोषणा करता हूँ / करते हैं कि ऊपर दी गई विशिष्टियाँ सही हैं और मैं/हम ऐसे कोई भी अन्य ब्यौरे देने के लिए तैयार हूँ/ हैं, जिनकी आप अपेक्षा करें ।

स्थान----------

तारीख----------

भवदीय,

(आवेदक के हस्ताक्षर और पदनाम)

1" = 1 मील पैमाने का स्थल रूपरेखीय मानचित्र भारतीय सर्वेक्षण, हाथीबर्खला देहरादून के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

मूल आवेदन के साथ चार प्रतियों में विस्तृत रेखांक और स्थल रूप रेखीय मानचित्र संलग्न करना होगा ।

टिप्पण: 1. यदि आवेदन, आवेदक के किसी प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित हो तो मुख्तारनामा संलग्न किया जाना चाहिए ।

2. आवेदन केवल एक संहत क्षेत्र से ही संबंधित होना चाहिए ।" ;

(ग)" प्ररूप घ" के पश्चात निम्नलिखित "प्ररूप घ–1" अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात :–

"प्ररूप छ–1

(अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन की पावती)

(नियम 4 क देखें)

----------सरकार

तारीख.....

क्र0सं०

श्री/सर्वश्री----------का----------खनिज/खनिजों के अवीक्षी के लिए ग्राम/सरकारी वन में तालुक, जिला ----------में स्थित लगभग----------वर्ग किलोमीटर भूमि के लिए अवीक्षा अनुज्ञापत्र का अवेदन निम्नलिखित अनुलग्नकों सहित तारीख---------- को प्राप्त हुआ ।

अनुलग्नक:

स्थान----------

तारीख----------

प्राप्तकर्ता अधिकारी के

हस्ताक्षर और पदनाम:

(घ) " प्ररूप च" के पश्चात निम्नलिखित "प्ररूप च–1" अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"प्ररूप च–1"

(अवीक्षी अनुज्ञापन विलेख)

(नियम 7क देखें)

एक पक्षकार के रूप में ----------के राज्यपाल/भारत के राष्ट्रपति (जिसे इसमें इसके पश्चात राज्य सरकार कहा गया है, जिस पद के बारे में, जहां संदर्भ से ऐसा अनुज्ञेय हो, यह समझा जाएगा कि उसके अंतर्गत उसके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशिती है) और दूसरे पक्षकार के रूप में,

(जब अनुज्ञापत्र धारक व्यष्टि हो)----------

(व्यक्ति का नाम, पते और वृति सहित), जिसे इसमें इसके पश्चात "अनुज्ञापत्र धारक" कहा गया है, जिस पद के बारे में जहां संदर्भ से ऐसा अनुज्ञेय हो, यह समझा जाएगा कि उसके अंतर्गत उसके वारिस, निष्पादक, प्रशासक, प्रतिनिधि और अनुज्ञात समनुदेशिती है ।)

(जब अनुज्ञापत्र धारक एक से अधिक व्यष्टि हो)----------

(व्यक्ति का नाम, पते और वृत्ति सहित) और----------(व्यक्ति का नाम, पते और वृत्ति सहित) जिन्हें इसमें इसके पश्चात "अनुज्ञापत्र धारक" कहा गया है, जिस पद के बारे में जहां संदर्भ से ऐसा अनुज्ञेय हो, यह समझा जाएगा कि उसके अंतर्गत उनके अपने अपने बारिस निष्पादक, प्रतिनिधि और उनके अनुज्ञात समनुदेशिती है ।)

(जब अनुज्ञापत्र धारक रजिस्ट्रीकृत फर्म हो) -

----------(भागीदार का नाम और पता) जो ----------का पुत्र और----------का है और जो सब----------के फर्म नाम और अभिनाम के अधीन भागीदारी में कारबार चला रहे हैं, जो भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय----------नगर में ---------- में है (जिन्हें इसमें इसके पश्चात "अनुज्ञापत्र धारक" कहा गया है जिस पद के बारे में, जहां संदर्भ से ऐसा अनुज्ञेय हो, यहा समझा जाएगा कि उसके अंतर्गत उक्त सभी भागीदार, उनके अपने अपने बारिस, निष्पादक, विधिक प्रतिनिधि और अनुज्ञात समनुदेशिती है ।)

(जब अनुज्ञापत्र धारक रजिस्ट्रीकृत कंपनी हो)----------

(कंपनी का नाम) जो----------) वह अधिनियम जिसके अधीन वह निगमित है) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनी है और जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय----------(पता) में है (जिसे इसमें इसके पश्चात "अनुज्ञापत्र धारक" कहा गया है, जिस पद के बारे में, जहां संदर्भ से ऐसा अनुज्ञेय हो, यह समझा जाएगा कि उसके अंतर्गत उसके उत्त्राधिकारी और अनुज्ञात समनुदेशिती है ।)

के बीच----------के ----------के ----------के दिन यह करारनामा किया गया है ।

यम:अनुज्ञापत्र धारक/अनुज्ञापत्र धारकों ने खनिज रियायत नियम, 1960) जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त नियम कहा गया है) के अनुसार इसमें नीचे लिखी अनुसूची "क" में विनिर्दिष्ट और इससे उपाबद्ध रेखांक में अंकित भूमियों में) जिन्हें इसमें इसके पश्चात उक्त भूमियां कहा गया है)----------का पूर्वेक्षण करने के अवीक्षी अनुज्ञापत्र के लिए राज्य सरकार को अवेदन किया है और राज्य सरकार के पास ऐसे अनुज्ञापत्र के बारे में नियम 7 ख के अनुसार विहित प्रतिभूति के रूप में ---------- रुपए जमा कर

दिए हैं और ऐसे अनुज्ञापत्र के बारे में ----------मास/वर्ष के लिए विहित अनुज्ञापत्र फीस के रूप में ---------- रुपए की राशि राज्य सरकार को अग्रिम संदत्त कर दी है और यतः ऐसे अनुज्ञापत्र के अनुदान पर कोई आपत्ति नहीं है) और यतः केन्द्रीय सरकार ने इस अनुज्ञापत्र के अनुदान का अनुमोदन कर दिया है ।)

अतः यह विलेख निम्नलिखित का साक्षी है :–

भाग 1

इसमें इसके पश्चात आरक्षित और अंतर्विष्ट और अनुज्ञापत्र धारक/धारकों की ओर से संदेय, अनुपालनीय और पालनीय फीस, प्रसंविदाओं और करारों के प्रतिफलस्वरूप राज्य सरकार अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को निम्नलिखित अवीक्षी अनुज्ञापत्र का एक मात्र अधिकार अनुदत्त और पटटांतरित करती है :–

(1) भूमियों पर प्रवेश करना या उसके ऊपर उड़ान भरना और अवीक्षी सक्रियां प्रारम्भ करना :

उक्त भूमियों पर प्रवेश करने या उसके ऊपर उड़ान भरने और उक्त भूमि में पड़े या उसके भीतर, नीचे या उसमें सर्वत्र पाए जाने वाले सभी या किन्हीं----------(खनिजों का नाम) को तलाश करने के लिए अवीक्षा संक्रियाएं प्रारंभ करने का:

परन्तु यह कि:

अनुज्ञापत्र धारक यथास्थिति वन विभाग या निजी भूमि के अधिभोगी के अनुज्ञा अभिप्राप्त के बिना किसी वन भूमि या निजी भूमि पर प्रवेश नहीं करेगा :

अनुज्ञापत्र धारक जबतक भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय और भारत सरकार के सिविल विमानन के महानिदेशक से आकाशीय सर्वेक्षण प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक निर्बंधन अभिप्राप्त न कर ले तब तक उक्त भूमि के ऊपर उड़ान नहीं भरेगा ।

(2) झाड़ झंझाड़ और वनी झाड़ियों आदि पर जल का उपयोग करना तथा साफ करना :

खंड(1) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसे प्रयोजनों के लिए जो अवीक्षी संक्रियाओं को प्रभावी रूप से चलाने के लिए और उसमें नियोजित कर्मकारों के लिए आवश्यक हों उक्त भूमि पर नालियों या जल सरणियां और उनका उपयोग करने और जल का उपयोग करने के लिए, परन्तु ऐसे उपयोग से उस जल प्रदाय में कमी या बाधा नहीं आएगी जो किसी भी कृष्ट भूमि, ग्राम, भवन या पशुओं के पानी पीने का स्थान हो इससे पूर्व प्राप्त होता रहा हो और यह कि ऐसे किसी भी उपयोग या अनुज्ञापत्र अवीक्षा संक्रियाओं द्वारा कोई सरिता, झरना या कुआं कलुषित या प्रदूषित नहीं होगा ।

(3) मशीनरी आदि लाना :–

उक्त भूमियों पर ऐसी मशीनरी, उपस्कर और सुविधाएं लाना जो अनुज्ञात अवीक्षा संक्रियाओं को प्रभावी रूप से चलाने या उस पर नियोजित कर्मकारों के लिए उचित और आवश्यक हों ।

ऐसा होने पर भी राज्य सरकार के पास ऐसे सभी या किसी प्रयोजन के लिए उन प्रयोजनों से भिन्न है जिनके लिए एक मात्र अधिकार और अनुज्ञापत्र अभिव्यक्त रूप से प्रदान किया गया है सभी समयों पर ऐसी भूमियों में और पर प्रवेश करने की पूर्व शक्ति और स्वतंत्रता आरक्षित होगी ।

उक्त अधिकार और अनुज्ञापत्र, अनुज्ञापत्र धारकों को, इस बिलेख की तारीख से,---------- अवधि (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अवधि कहा गया है) के लिए धारण करने के लिए अनुदत्त करती है । उसके लिए ----------रुपए की राशि का जो अनुसूची ख में यथाविनिर्दिष्ट प्रत्येक वर्ष या वर्ष के किसी भाग के लिए अनुज्ञापत्र फीस है, और उक्त अवधि के अवसान या पूर्वतर पर्यवसान के ठीक पश्चात उक्त अवधियों के दौरान अनुज्ञापत्र धारक/धारकों द्वारा सभी फीसों, दरों, करों, प्रभारों और कटौतियों से मुक्त, वार्षिक रूप से संदाय किया जाएगा ।

भाग 2

अनुज्ञापत्र धारक द्वारा प्रसंविदाएं

अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार के साथ निम्नानुसार प्रसंबिदा/प्रसंबिदाएं करता है/करते हैं :-

अनुज्ञापत्र फीस का संदाय

(1) कि वह /वे आगामी वर्ष या वर्ष के किसी भाग के लिए ऐसी दरों और ऐसे समय पर जो अनुसूची ख में विनिर्दिष्ट हैं, प्रतिवर्ष अनुज्ञापत्र फीस का अग्रिम संदाय करेगा/करेंगे ।

कार्य को कुशलता से करना

(2) कि वह/वे इस प्रकार अनुज्ञात सक्रियाएं उचित रूप से, व्यवस्थित ढंग से, निपुणता से तथा कुशलता से और भूमि की सतह की और उस पर स्थित वृक्षों, फसलों, भवन संरचनाओं और अन्य संपत्ति को यथाशक्य कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए करेगा / करेंगे और चलाएगा /चालएंगे ।

शुद्ध लेखाओं का रखा जाना

(3) अनुज्ञापत्र धारक उसके/उनके द्वारा अवीक्षी पर उपगत किए गए सभी व्ययों का और ऐसी संक्रियाओं के दौरान अभिप्राप्त सभी नमूनों की मात्रा और अन्य विशिष्टियों का और उनके प्रेषण का भी शुद्ध और ठीक ठीक लेखा रेखगा/रखेंगे ।

पूर्व अनुज्ञा के बिना वृक्षों का न तो काटा जाना और न ही उन्हें क्षति पहुंचाना न ही सार्वजनिक स्थानों में विक्षोभ उत्पन्न करना ।

(4) किसी ऐसी भूमि पर, जो अधिभोगाधीन है या अनारक्षित है, उपायुक्त/कलेक्टर की लिखित अनुज्ञा के बिना कोई भी काष्ठ या वृक्ष न तो काटेगा और न उसे क्षति पहुंचाएगा, न ही ऐसी अनुज्ञा के बिना किसी भी सड़क की सतह को बिगाड़ेगा या किसी भी सार्वजनिक आमोद स्थल, श्मशान भूमि या कब्रिस्तान या किसी भी व्यक्ति वर्ग द्वारा पवित्र माने जाने वाले किसी भी स्थान पर प्रवेश नहीं करेगा या मार्ग, कुएं या तालाब के किसी भी अधिकार में हस्तक्षेप करेगा ।

(5) किसी व्यक्तिके अधिभोगाधीन किसी भूमि पर अधिभोगी की सम्मति के बिना प्रवेश नहीं करेगा/करेंगे और न किसी भूमि के अधिभोगी के या किसी अन्य व्यक्ति के किन्हीं वृक्षों, खड़ी फसलों, भवनों, झोपड़ियों, संरचनाओं या किसी प्रकार की अन्य संपत्ति को, ऐसे स्वामी, अधिभोगी या व्यक्ति की लिखित सम्मति के बिना काटेगा/काटेंगे या किसी भी प्रकार से उन्हें क्षति पहुंचाएगा/पहुंचाएंगे ।

वन भूमि में पूर्व अनुज्ञा के बिना कार्य प्रारंभ न करना

(6) किन्हीं वन भूमियों में, राज्य सरकार द्वारा इस बाबत इस प्रकार प्राधिकृत वन अधिकारी से लिखित मंजूरी अभिप्राप्त किए बिना,न प्रवेश करेगा/करेंगे अथवा अवीक्षी या पूर्वेक्षण आरंभ करेगा/करेंगे ।

सभी दावों के प्रति सरकार की क्षति पूर्ति करना

(7) ऐसे सभी नुकसान,क्षति या विघ्न के लिए, जो इस अनुज्ञापत्र द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उसके/उनके द्वारा किया जाए, युक्तियुक्त तुष्टि करेगा/करेंगे और ऐसे प्रतिकार का संदाय करेगा/करेंगे जो विषय पर प्रवृत्त विधि के अनुसार विधिपूर्ण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाए और ऐसे सभी दावों के प्रति, जो किसी ऐसे नुकसान,क्षति या विघ्न के संबंध में किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों द्वारा किए जाएं और उनसे जुड़े खर्चों और व्ययों की क्षतिपूर्ति करेगा/करेंगे और राज्य सरकार को संपूर्णतः और पूरी तौर से क्षतिपूर्ति रखेगा/रखेंगे ।

अन्य अधिनियमों और नियमों का पालन करना

(8 क) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा समय समय पर विहित न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी का संदाय नहीं करेगा/करेंगे ।

(8 ख) खान अधिनियम,1952 के उपबंधों का अनुपालन करेगा/करेंगे ।

(8 ग) अपने खर्चे पर पर्यावरण के संरक्षण के ऐसे उपाय करेगा/करेंगे,जो केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा समय समय पर विहित किए जाएँ ।

(8 घ) भूमि की सतह के अधिभोगी को इन नियमों में अधिकथित तारीख और रीति में प्रतिकर का संदाय करेगा ।

प्रतिभूति,निक्षेपों आदि का समपहरण

(9) जब कभी----------रुपए की प्रतिभूति निक्षेप या उसका कोई भाग या उसकी संपूर्ति में राज्य सरकार के पास निक्षिप्त कोई अतिरिक्त राशि,इसमें इसके पश्चात उस निमित्त घोषित शक्ति के अनुसार राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यहृत या उपयोजित कर ली जाए तब अनुज्ञापत्र धारक तत्काल राज्य सरकार के पास ऐसी अतिरिक्त राशि निक्षिप्त करेगा/करेंगे, जो उसके अधिनियोजित भाग क्षति,राज्य सरकार के पास निक्षिप्त रकम को----------रुपए का राशि तक लाने के लिए पर्याप्त हो ।

अनुज्ञापत्र धारक का न्यास, सिंडिकेट आदि द्वारा नियंत्रित न होना

(10)अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार की लिखित सम्मत्ति के बिना,जो कि ऐसे मामलों में जहां निष्पादित अवीक्षी अनुज्ञापत्र अधिनियम की प्रथम अनुसूची में सम्मिलित खनिजों के बारे में हो, केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के पश्चात ही दी जाएगी, किसी न्यास,सिंडिकेट निगम,फर्म या व्यक्ति द्वारा न तो नियंत्रित होगा/होंगे और न स्वयं को नियंत्रित होने देगा/देंगे ।

दुर्घटना की रिपोर्ट

(11) अनुज्ञापत्र धारक किसी ऐसी दुर्घटना की रिपोर्ट जो इस अनुज्ञापत्र के अधीन संक्रियाओं के दौरान हो और जिससे मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति या संपत्ति को गंभीर क्षति हो या जिससे जीवन या संपत्ति पर गंभीर प्रभाव पड़े या जीवन या संपत्ति खतरे में पड़ जाए, बिना विलम्ब किए उपायुक्त /कलेकटर को भेजेगा/भेजेंगे ।

अधिनियम की धारा 18

(12) अनुज्ञापत्र धारक ऐसे नियमों द्वारा आबद्ध होगा/होंगे जो अधिनियम की धारा 18 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए जाएं और वह/वे उक्त अनुज्ञापत्र के अधीन अवीक्षी, पूर्वेक्षण या अन्य संक्रियाओं को नियमों के अधीन यथाविहित प्रकार से भिन्न किसी भी प्रकार से नहीं करेगा/करेंगे ।

बोर, छिद्र बंद करना, बाड़ लंगाना आदि और भूमि की सतह को पूर्व अवस्था में लाना

(13) ऐसी भूमि की दशा के सिवाय, जिस पर अनुज्ञापत्रधारक को, अनुज्ञापत्र के अवसान पर या उससे पूर्व या शीघ्रतर पर्यवसान पर कोई पूर्वेक्षण अनुज्ञापत्र या खनन पट्टा अनुदत्त किया जाए, वह/वे अनुज्ञापत्र के अवसान या शीघ्रतर पर्यवसान या उपक्रम के परित्याग की तारीख के, जो भी पहले आए, पश्चात् छह मास के भीतर किसी भी बोर छिद्र का सुरक्षित रूप से बंद करेगा/करेंगे और ऐसे किन्हीं छिद्रों या उत्खननों को, जो भूमियों में किए गए हों, उस विस्तार तक, जितना उपयुक्त/क्लेक्टर द्वारा अपेक्षित हो, भर देगा/देंगे या बाड़ लगा देगा/देंगे और उतने ही विस्तार तक भूमि की सतह को और उस पर स्थित सभी निर्माणों को, जिन्हें पूर्वेक्षण के दौरान नुकसान पहुंचा हो या जो पूर्वेक्षण के दौरान नष्ट हुए हो, पूर्व अवस्था में ला देगा/देंगे, परन्तु अनुज्ञापत्रधारक से यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि भूमि की सतह या किन्हीं भी ऐसे निर्माणों को, जिनके बारे में पूर्ण और उचित प्रतिकार का संदाय किया जा चुका हो, पूर्व अवस्था में लाए/लाएं ।

अवसान, पर्यवसान या परित्याग के पश्चात् मशीनरी आदि का हटाया जाना

(14) इस अनुज्ञापत्र के अवसान या शीघ्रतर पर्यवसान पर या अनुज्ञात संक्रियाओं के परित्याग पर, जो भी पहले हो उसके होने पर अनुज्ञापत्र धारक अपने खर्चे पर ऐसे सभी संयंत्रों, इंजनों, मशीनरी, उपकरणों, पात्रों और अन्य संपत्ति तथा चीजबस्त की जो अनुज्ञापत्र धारक द्वारा परिनिर्मित की गई हों या लाई गई हो और जो उस समय उक्त भूमियों पर स्थित या मौजूदा हों, शीघ्रतर से हटा लेगा/लेंगे, परन्तु यह प्रसंविदा उक्त भूमियों के किसी ऐसे भाग को लागू नहीं होगी जो इस अनुज्ञापत्र के अस्तित्व में रहने के दौरान अनुज्ञापत्र धारक को अनुदत्त किसी पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे में समाविष्ट हो ।

प्रतिभूति निक्षेप के प्रतिदाय के पूर्व किए गए कार्य की रिपोर्ट

(15) उक्त प्रतिभूति निक्षेप उसे/उन्हें लौटाए जाने या किसी अन्य खाते में अन्तरित किए जाने के पूर्व या अनुज्ञापत्र के अवसान या शीघ्रतर पर्यवसान के या सक्रियाओं के परित्याग के, जो भी पूर्वतर हो, पश्चात एक मास के भीतर अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार को उसके/उनके द्वारा किए गए कार्य की एक पूर्ण रिपोर्ट गोपनीय रूप से प्रस्तुत करेगा/करेंगे और इस अनुज्ञापत्र के अधीन संक्रियाएं करने के दौरान उसके/उनके द्वारा अनुज्ञापत्र के अधीन आने वाले क्षेत्र के भूवैज्ञानिक स्वरूप और खनिज साधनों के संबंध में अर्जित सभी जानकारी प्रकट करेगा/करेंगे ।

अनुज्ञापत्र धारक द्वारा अभिप्राप्त जानकारी की रिपोर्ट

(16) (1) अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार को

(क) उसके /उनके द्वारा किए गए कार्य की छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा/करेंगे जिसमें अवधि के दौरान लगाए गए व्यक्तियों की संख्या और उसके/उनके द्वारा संग्रहित भूवैज्ञानिक, भू–भौतिकीय या अन्य मूल्यवान आंकड़ों का कथन होगा । रिपोर्ट ऐसी अवधि की, जिससे वह संबंधित है , समाप्ति से तीन माह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी

(ख) अनुज्ञापत्र के अवसान या संक्रियाओं के परित्याग या अनुज्ञापत्र के पर्यवसान के, जो भी पूर्वोत्तर हो, तीन मास के भीतर उसके/उनके द्वारा किए गए कार्य की संपूर्ण रिपोर्ट और अनुज्ञापत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की अवीक्षी के दौरान उसके/उनके द्वारा अर्जित खनिज संसाधनों से सुसंगत सभी जानकारी देगा/देंगे :

(2) खंड (1) के अधीन रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय, अनुज्ञापत्र धारक यह विनिर्दिष्ट कर सकेगा/सकेंगे कि उसके द्वारा प्रस्तुत संपूर्ण रिपोर्ट अथवा उसका कोई भाग या आंकड़े गोपनीय रखे जाएंगे और राज्य सरकार जब, विनिर्दिष्ट भागों को अनुज्ञापत्र के अवसान या संक्रियाओं के परित्याग या अनुज्ञापत्र के पर्यवसान से, इनमें से जो भी पहले हो, दो वर्ष की अवधि तक गोपनीय रखेंगी ।

विदेशी राष्ट्रकों का नियोजन

(17) अनुज्ञापत्र धारक अवीक्षी संक्रिया के संबंध में, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जो भारतीय राष्ट्रिक नहीं है नियोजित नहीं करेगा/करेंगे ।

भूभौतिकीय आंकड़े देना

(18) अनुज्ञापत्र धारक:

(क)अवीक्षा के दौरान उसके/उनके द्वारा संग्रहित पूर्वेक्षण या इंजीनियरी और भूपृष्ठीय जल राशि सर्वेक्षण संबंधी सभी भूभौतिकीय आंकड़े जैसे कि असंगति मानचित्र, खंडचित्र, रेखांक संरचनाएं, समोच्य रेखी मानचित्र लागिंग, भारतीय महानिदेशक भू–विज्ञान सर्वेक्षण कलकत्ता को देगा/देगें ।

(ख) संक्रियाओं के दौरान उसके/उनके द्वारा संग्रहित रेडियो धर्मी खनिजों के अन्वेषण विषयक समस्त जानकारी सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग, नई दिल्ली को देगा/देंगे ।

ऊपर निर्दिष्ट आंकड़े या जानकारी प्रतिवर्ष दी जाएगी, जिसकी गणना अवीक्षी अनुज्ञापत्र की अवधि के प्रारंभ की तारीख से की जाएगी ।

भाग 3 सरकार की शक्तियां

निम्न प्रकार करार किया जाता है कि :–

शर्तों के उल्लंघन की दशा में अनुज्ञापत्र का रद्द किया जाना और निक्षेप का समपहरण

(1) अनुज्ञापत्र धारक या उसके/उनके अंतरीति या समनुदेशिती द्वारा अनुज्ञापत्र की किसी शर्त के उल्लंघन की दशा में, राज्य सरकार अनुज्ञापत्र धारक को उसके/उनके मामले का कथन करने के लिए युक्तियुक्त अवसर देगी और जहां उसका यह समाधान हो जाए कि उल्लंघन ऐसा है कि उसका उपचार नहीं किया जा सकता वहां वह अनुज्ञापत्रधारक या उसके/उनके अंतरीतियों या समनुदेशितियों को तीस दिन की सूचना देकर अनुज्ञापत्र का पर्यवसान कर देगी और / या उस निमित्त प्रसंविदाओं के अधीन निक्षिप्त----------रु0 का उक्त संपूर्ण निक्षेप को या उसके किसी भाग को जैसा भी राज्य सरकार उचित समझे समपहृत कर लेगी । यदि राज्य सरकार यह समझे कि उल्लंघन ऐसा है कि उसका उपचार हो सकता है तो वह, यथास्थिति, अनुज्ञापत्रधारक या उसके/उनके अंतरीति या समनुदेशिति को सूचना देगी, जिसमें उससे/उनसे यह अपेक्षा की जाएगी कि वह /वे सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर उल्लंघन का उपचार करे/करें और उसे/उन्हें यह इत्तिला दी जाएगी कि यदि ऐसा उपचार ऐसी अवधि के भीतर न किया गया तो क्या प्रस्थापित शास्ति अधिरोपित की जाए ।

प्रतिभूति का प्रतिकर के संदाय में उपयोजन

(2) राज्य सरकार समय समय पर ----------रु0 का उक्त निक्षेप या उसका कोई भाग, या उस निमित्त इससे पूर्व अन्तर्विष्टि किन्हीं प्रसंविदाओं के अधीन निक्षिप्त कोई और राशि, प्रतिकार के ऐसे किन्हीं भी दावों के संदाय या तुष्टि के लिए जो अनुज्ञापत्र धारक/ धारकों पर राज्य सरकार के हों या हो सकते हों और या जो इस अनुज्ञापत्र द्वारा प्रदत्त शक्तियों में से किसी का प्रयोग करते हुए अनुज्ञापत्र धारक/धारकों द्वारा किए गए किसी भी नुकसान या क्षति के बारे में किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा अनुज्ञापत्र धारक/धारकों और/या राज्य सरकार के विरूद्ध किए जा सकते हों और किसी ऐसे नुकसान, खर्च या व्यय के संदाय में या के प्रति जो ऐसे किन्हीं वादों या कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप या के संबंध में, जो ऐसे किसी नुकसान या क्षति के बारे में राज्य सरकार के विरूद्ध संस्थित की जाएं, संदेय हो और ऐसे किन्हीं भी संक्रमों या बातों के कार्यान्वयन या पालन के व्ययों के संदाय में या के प्रति जिनका कार्यान्वयन या पालन अनुज्ञापत्र धारक इस अनुज्ञापत्र के अवसान या शीघ्रतर पर्यवसान के पश्चात या अनुज्ञातसंक्रियाओं के परित्याग के पश्चात उस निमित्त इससे पूर्व अंतर्विष्ट प्रसंविदाओं के अनुसार न करे/करें या ऐसे किसी भी दावों, नुकसानों, खर्चों और व्ययों के संदाय में विनियोजित कर सकेगी और लगा सकेगी ।

जब संपत्तियां भूमि पर से समय पर न हटाई जाएं

(3) यदि कोई संयंत्र, इंजन, मशीनरी, उपस्कर, पात्र या अन्य संपत्ति या चीजबस्त, जिन्हें इस निमित्त अन्तर्विष्ट प्रसंविदाओं के अनुसार अनुज्ञापत्र धारक द्वारा उक्त भूमि से हटा लिया जाना चाहिए, राज्य सरकार द्वारा अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को उन्हें हटाने की अपेक्षा करने वाली लिखित सूचना दे दिए जाने के पश्चात् एक कैलेण्डर मास के भीतर न हटाएं जायें तो यह समझा जाएगा कि वह राज्य सरकार की संपत्ति हो गए हैं और वे राज्य सरकार के फायदे के लिए ऐसी रीति में, जिसे राज्य सरकार उचित समझे, अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को किसी भी प्रतिकार का संदाय करने या उसके बारे में कोई लेखा देने के दायित्व के बिना बेचे या व्ययनित किए जा सकेंगे ।

अनुज्ञापत्र धारक उसकी/उनकी ओर से किए गए कार्य के लिए संदाय करेगा/करेंगे ।

(4) यदि किसी ऐसे संकर्म या बातों जिनका इस निमित्त इससे पूर्व अंतर्विष्ट प्रसंविदाओं के अनुसार, अनुज्ञापत्र धारक द्वारा कार्यान्वयन या पालन किया जाना है, उस निमित्त विनिर्दिष्ट समय के भीतर इस प्रकार कार्यान्वयन या पालन न किया जाए तो राज्य सरकार उनका कार्यान्वयन या पालन करा सकेगी और अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार को उनके इस प्रकार कार्यान्वयन या पालन में उपगत सभी व्यय मांग किए जाने पर संदत्त करेगा/करेंगे ।

अग्रक्रयाधिकार

(5) युद्ध या आपात की स्थिति के विद्यमान होने की दशा में (जिसका एकमात्र निर्णायक भारत का राष्ट्रपति होगा और भारत के राजपत्र में प्रकाशित इस प्रभाव की अधिसूचना जिसकी निश्चायक सबूत होगी) केन्द्रीय सरकार की सम्पत्ति से राज्य सरकार को उक्त अवधि के दौरान समय-समय पर और सभी समयों पर, यह अधिकार होगा (जिसका प्रयोग अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को लिखित सूचना देकर किया जाएगा) कि वह अनुज्ञापत्र धारक/धारकों की उक्त भूमियों पर स्थित या उससे संबंधित संकर्मों, संयंत्र, मशीनरी और परिसर को या इस अनुज्ञापत्र के अधीन संक्रियाओं को तत्काल कब्जे और नियंत्रण में ले ले और ऐसे कब्जे या नियंत्रण के दौरान अनुज्ञापत्र धारक ऐसे संकर्म, संयंत्र, परिसर और खनिजों के उपयोग या नियोजन के संबंध में केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा या उसकी ओर से दिए गए सभी निदेशों के अनुरूप कार्य करेगा/करेंगे और उनका पालन करेगा/करेंगे, परन्तु अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को, इस खण्ड द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के कारण या परिणामस्वरूप उसे/उन्हें हुए सभी नुकसान या हानि के लिए उचित प्रतिकर संदत्त किया जाएगा जोकि करार के अभाव में राज्य सरकार द्वारा अवधारित किया जाएगा परन्तु यह और कि ऐसे शक्तियों के प्रयोग से, मंजूर की गई उक्त अवधि का पर्यवसान नहीं होगा या उसका इन विलेखों के निबंधनों तथा उपबंधों पर उतने से अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा जितना इस खण्ड के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक हो ।

भाग 4

अनुज्ञापत्र धारक/धारकों के अधिकार

आगे निम्न प्रकार करार किया जाता है :-

अनुज्ञापत्र का अन्तरण और संदेय फीस

(1) इस अनुज्ञापत्र के अस्तित्व में रहने के दौरान, अनुज्ञापत्र धारक, राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से, अपनी अनुज्ञापत्र या उसमें कोई अधिकार, हक या हित, उस व्यक्ति को, जिसने यह कथित करते हुए शपथ पत्र फाइल किया है कि उसने अद्यतन आय-कर विवरणियों फाइल कर दी है उस पर निर्धारित आय-कर का संदाय कर दिया है और आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में उपबंधित रूप में स्वतः निधारण के आधार पर आय कर का संदाय कर दिया है पांच सौ रुपए की फीस का संदाय करने के पश्चात् अन्तरित कर सकेगा/कर सकेंगे :

परन्तु राज्य सरकार अपनी मंजूरी तब ही देगी, जब -

(1) अनुज्ञापत्र धारक/धारकों ने अवीक्षी अनुज्ञापत्र के अन्तरण के लिए अपने आवेदन के साथ एक शपथ पत्र दे दिया हो जिसमें वह रकम विनिर्दिष्ट की गई हो जो वह अन्तरिती से प्रतिफलस्वरूप पहले ही ले चुका है या लेने की प्रस्थापना करता है ;

(11) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का अन्तरण ऐसे व्यक्ति या निकाय को किया जाना है जो अवीक्षी अनुज्ञापत्र का उपक्रम स्वयं ही करेगा ।

खनन पट्टा या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने के लिए अनुज्ञापत्र धारक/धारकों का अधिमानी अधिकार :

(3) अनुज्ञापत्र के अवसान पर या उसकेपूर्व अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को किसी अन्य व्यक्ति की अपेक्षा, उक्त सम्पूर्ण, भूमि या उसके किसी भाग पर खनन पट्टा या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने का अधिमानी अधिकार होगा परन्तु यह तब जबकि राज्य सरकार का यह समाधान हो जाए कि अनुज्ञापत्र धारक/धारकों के अवीक्षी अनुज्ञापत्र के निबंधनों और शर्तों का कोई भंग नहीं किया है और खनिज संसाधनों की स्थापना करने के लिए अवीक्षी संक्रियाएं की गई हैं और वह/वे खनन पट्टे या अवीक्षी अनुज्ञापत्र के अनुदान के लिए अन्यथा उपयुक्त व्यक्ति है/हैं ।

निक्षेप का प्रतिदाय :

(4) इस अनुज्ञापत्र के अवसान के पश्चात् छह कलैंडर मास के भीतर ऐसी तारीख को, जिसे राज्य सरकार अनुज्ञापत्र धारक/धारकों द्वारा खनिज रियायत नियम, 1960 के उपबंधों के अनुपालन के पश्चात् चुने, राज्य सरकार के पास निक्षेप में तत्समय शेष और विलेख के भाग 3 में उल्लिखित प्रयोजनों में से किसी भी प्रयोजन के लिए उपयोजन के लिए अपेक्षित न होने वाली रकम अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को वापस कर दी जाएगी या यदि अनुज्ञापत्र धारक/धारकों ने उक्त भूमियों या उनके किसी भाग पर पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा अभिप्राप्त कर लिया हो तो वह रकम ऐसी अनुज्ञप्ति या पट्टे के अधीन संदेय होने वाली फीस, भाटकों और स्वामित्वों के लेखें अनुज्ञापत्र धारक/धारकों के जमा खाते में रोक रखी जाएगी । इस रकम पर किसी भी दशा में कोई भी ब्याज नहीं मिलेगा ।

भाग 5

साधारण उपबन्ध

अन्त में निम्न प्रकार यह करार किया जाता है :–

भूमि का अर्जन और प्रतिकर

(1) यदि किसी ऐसे नुकसान के लिए, जिसके अनुज्ञापत्र धारक/धारकों की प्रस्थापित संक्रिया से उद्भूत होने की संभावना हो, प्रतिकर की कोई प्रस्थापना प्राप्त होने के पश्चात् उक्त भूमियों के किसी भी भाग की सतह का अधिभोगी राज्य सरकार को आरक्षित और अनुज्ञापत्र द्वारा अनुदत्त अधिकारों और शक्तियों के प्रयोग के लिए अपनी सम्मति देने से इंकार कर देगा, तो अनुज्ञापत्र धारक राज्य सरकार को इस बात की रिपोर्ट देगा/देंगे और प्रतिकर के रूप में प्रस्थापित रकम उसके पास निक्षिप्त कर देगा/देंगे और यदि राज्य सरकार का समाधान हो जाए कि प्रतिकर की रकम युक्तियुक्त है या यदि उसका ऐसा समाधान न हो और अनुज्ञापत्र धारक ऐसी अतिरिक्त रकम निक्षिप्त कर दे/दें, जोकि राज्य सरकार युक्तियुक्त समझे, तो राज्य सरकार अधिभोगी को आदेश देगी कि वह अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को उक्त भूमि पर प्रवेश करने और ऐसी संक्रियाएं करने दे जो अनुज्ञापत्र के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो । ऐसे प्रतिकर की रकम का निर्धारण करने में राज्य सरकार भूमि अर्जन अधिनियम के सिद्धान्तों से मार्गदर्शित होगी ।

अपरिहार्य घटना के कारण अनुज्ञापत्र के निबंधनों की पूर्ति में विलम्ब :

(2) अनुज्ञापत्र धारक/धारकों की ओर से इस अनुज्ञापत्र के किसी निबंधन और शर्त की पूर्ति में असफलता होने पर राज्य सरकार को उसके/उनके विरूद्ध कोई दावा प्राप्त नहीं होगा और जहां तक ऐसी असफलता राज्य सरकार द्वारा अपरिहार्य घटना से उद्भूत समझी जाए, वह अनुज्ञापत्र का भंग नहीं समझी जाएगी ।

यदि इस अनुज्ञापत्र के किसी निबंधन और शर्त की अनुज्ञापत्र धारक/धारकों द्वारा पूर्ति अपरिहार्य घटना से विलंबित हो तो ऐसे विलम्ब की अवधि इस अनुज्ञापत्र द्वारा नियत अवधि में जोड़ दी जाएगी ।

अपरिहार्य घटना पद से देवकृत, युद्ध विद्रोह, बल्वा, सिविल संक्षोभ, हड़ताल, ज्वार, बोला तरंग, तूफान, बाढ़, तड़ित, विस्फोट, अग्नि, भूकम्प और कोई अन्य ऐसी घटना अभिप्रेत है जिसे अनुज्ञापत्र धारक युक्तियुक्त रूप से रोक या नियंत्रित नहीं कर सकता था/सकते थे ।

सूचना की तामील :

(3) अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को दी जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना लिखित रूप में ऐसे व्यक्ति को दी जाएगी जिसे अनुज्ञापत्र धारक ऐसी सूचनाओं की प्राप्ति के प्रयोजन के लिए नियुक्त करे/करें या यदि ऐसी कोई नियुक्ति नहीं की गई है तो सूचना अनुज्ञापत्र धारक/धारकों को, अनुज्ञापत्र के लिए उसके/उनके द्वारा दिए गए आवेदन पत्र में दर्शित पते पर या भारत में ऐसे अन्य पतों पर जो उसके/उनके द्वारा समय-समय पर अभिहित किए जाएं, उसे/उन्हें संबोधित करके रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जाएगी और ऐसी प्रत्येक तामील अनुज्ञापत्र धारक/धारकों पर उचित और विधि मान्य तामील समझी जाएगी और उस पर उसके/उनके द्वारा प्रश्न नहीं उठाया जाएगा या आक्षेप नहीं किया जाएगा ।

नए खनिजों का पता चलना :

(4) अनुज्ञापत्र धारक अनुज्ञापत्र में विनिर्दिष्ट न किए गए किसी भी खनिज का पता चलने की रिपोर्ट ऐसे पता चलने की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर राज्य सरकार को देगा ।

प्रतिकर देने के दायित्व से राज्य सरकार की उन्मुक्ति

(5) यदि खनिज रियायत नियम, 1960 के अध्याय 7 के अधीन कार्यवाही के अनुसरण में राज्य सरकार के आदेश को केन्द्रीय सरकार द्वारा पुनर्विलोकित पुनरीक्षित या रद्द कर दिया जाए तो अनुज्ञापत्र धारक इस विलेख द्वारा उसे/उन्हें प्रदत्त शक्तियों और विशेषाधिकारों के प्रयोग में अनुज्ञापत्र धारक/धारकों द्वारा उठाई गई किसी भी हानि के लिए प्रतिकर का/के हकदार नहीं होगा/होंगे ।

(6) यह अनुज्ञापत्र विलेख, ----------(राज्य का नाम) राज्य राजधानी में और भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के उपबंधों के अधीन रहते हुए निष्पादित किया जाता है तथा अनुज्ञापत्र धारक/धारकों और राज्य सरकार द्वारा यह करार पाया जाता है कि अवीक्षी अनुज्ञापत्र अधीन क्षेत्र, अनुज्ञापत्र विलेख की शर्तों के संबंध में और अनुज्ञापत्र धारक/धारकों तथा राज्य सरकार के संबंध की बाबत् सभी विषयों के संबंध में किसी विवाद की दशा में वाद या पिटीशन (----------) (नगर का नाम) के सिविल न्यायालयों में फाइल किए जाएंगे तथा यह स्पष्ट रूप से करार किया जाता है कि कोई भी पक्षकार ऊपर नामित न्यायालयों से भिन्न किसी स्थान पर कोई वाद या अपील फाईल नहीं करेगा या कोई कार्रवाई नहीं करेगा । इसके साक्ष्य स्वरूप ऊपर प्रथम वर्णित दिन और वर्ष को यह विलेख इसमें नीचे दी गई रीति से निष्पादित किया गया है ।

अनुसूची क

अनुज्ञापत्र के अंतर्गत आने वाली भूमि

(यहां क्षेत्रफल, सीमाओं, जिले, उपखण्ड, थाना आदि के नाम और भूकर सर्वेक्षण संख्यांक, यदि कोई हो, सहित भूमियों का वर्णन अन्त स्थापित कीजिए । यदि मानचित्र संलग्न किया गया हो तो अन्तःस्थापित किए जाने वाले वर्णन में मानचित्र का निर्देश कीजिए) ।

अनुसूची ख

(नियम 7 (1) (×) के अधीन)

(यहां अनुज्ञापत्र फीस की रकम और संदाय की रीति और समय विनिर्दिष्ट कीजिए)

(ड.) "प्ररूप छ" के पश्चात् "प्ररूप छ–1" अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"प्ररूप छ–1"

अवीक्षी अनुज्ञापत्रों के आवेदन पत्रों का रजिस्टर

(नियम 7 घ (1) देखिए)

1. क्रम संख्यांक
2. अवीक्षी अनुज्ञापत्र के आवेदन पत्र की तारीख ।
3. वह तारीख जिस तारीख को आवेदन पत्र उसे प्राप्त करने वाले अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया ।
4. आवेदक का नाम और पूरा पता ।
5. आवेदित भूमि की स्थिति और सीमाएं ।

6. भूमि का प्राक्कलित क्षेत्रफल ।

7. आवेदक जिन खनिजों का पूर्वेक्षण करना चाहता है, उनकी विशिष्टियां ।

8. संदत्त आवेदन फीस ।

9. टिप्पणियां ।

10. आवेदन का अंतिम निपटारा तथा आदेश का संख्यांक और उसकी तारीख ।

11. अधिकारी के हस्ताक्षर । ";

(च) " प्ररूप ज " के पश्चात् निम्नलिखित " प्ररूप ज–1 " अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

" प्ररूप ज–1 "

(अवीक्षी अनुज्ञापत्रों का रजिस्टर"

(नियम 7घ (2) देखिए)

1. क्रम संख्यांक

2. अनुज्ञापत्र धारक का नाम

3. अनुज्ञापत्र धारक का निवास स्थान और पूरा पता ।

4. आवेदन की तारीख ।

5. वह तारीख जिस तारीख को आवेदन पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया ।

6. भूमि की स्थिति और सीमाएं ।

7. अनुज्ञापत्र धारक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर राज्य में उस क्षेत्र और खनिजों के ब्यौरे जिनके लिए आवेदक, अवीक्षी अनुज्ञापत्र रखता है ।

8. कुल क्षेत्रफल जिसके लिए अनुज्ञापत्र अनुदत्त किया गया ।

9. (क) अनुज्ञापत्र का संख्यांक और उसके अनुदान की तारीख ।

(ख) अवीक्षी अनुज्ञापत्र का करार निष्पादित करने की तारीख ।

10. वह या वे खनिज जिसके/जिनके लिए अवीक्षी अनुज्ञापत्र दिया गया है ।

11. वह अवधि जिसके लिए अनुदत्त की गई ।

12. संदत्त आवेदन फीस ।

13. संदत्त अनुज्ञापत्र फीस ।

14. प्रतिभूति निक्षेप की रकम ।

15. प्रतिभूति निक्षेप के व्ययन या प्रतिदाय की विशिष्टियां ।

16. पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा (यदि कोई हो) के आवेदन की तारीख ।

17. अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अनुदान के अवसान या त्याग या रद्दकरण की तारीख ।

18. अवीक्षी अनुज्ञापत्र के समनुदेशन या अन्तरण की, यदि कोई हो, तारीख समनुदर्शिती या अन्तरीति का नाम और पता ।

19. वह तारीख/तारीखें जिससे/जिनसे क्षेत्र पुनः अनुदान के लिए उपलभ्य है ।

20. टिप्पणियां ।

21. अधिकारी के हस्ताक्षर ।" ;

(छ) प्ररूप ट के भाग IX में, –

(क) खंड 5 में, " अपने फायदे के लिए सभी या किन्हीं " शब्दों के पश्चात्, " पट्टे के चालू रहने के दौरान उत्खनित अयस्क खनिज " शब्द अन्तः स्थापित किए जाएंगे ;

(ख) खंड 6 में, " उक्त भूमि में या पर कोई " शब्दों के पश्चात् " अयस्क या खनिज " शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे ।

[फा. सं. 7/3/99-एम-VI]
एस.पी. गुप्ता, संयुक्त सचिव

नोट: दिनांक 26.11.1960 की जी.एस.आर. सं0 1398 के अंतर्गत शासकीय राजपत्र में मुख्य नियम प्रकाशित किए गए (अधिसूचना सं0 एम–।।–159(1)/57, दिनांक 11.11.1960)

इन नियमों में निम्नलिखित अधिसूचनाओं के द्वारा संशोधन किए गए :–

1. जी.एस.आर. सं0 1459 दिनांक 10.12.1960 (अधिसूचना सं0 एम–।।–159(1)57 दिनांक 1.12.1960)

2.जी.एस.आर.सं0 880 दिनांक (अधिसूचना सं0 एम–।।–152(13)61 दिनांक 30.6.1961.

3.जी.एस.आर.सं0 1133 दिनांक 16.9.1961(अधिसूचना सं0 एम–।।–169(44)61 दिनांक 7.9.1961

4.जी.एस.आर.सं0 दिनांक (अधिसूचना सं0 एम–।।–164(12)61 दिनांक 16.10.1961

5.जी.एस.आर.सं0 1446 दिनांक 9.12.1961 (अधिसूचना सं0 एम–।।–159(18)54 दिनांक 2.12.1961

6.जी.एस.आर.सं0 166 दिनांक 10.2.1962 (अधिसूचना सं0 एम 5–3(1)61 दिनांक 1.2.1962

7.जी.एस.आर.सं0 718 दिनांक 26.5.1962 (अधिसूचना सं0 एम–।।–152(33)52 दिनांक 16.5.1962

8.जी.एस.आर.सं0 1051 दिनांक 4.8.1962 (अधिसूचना सं0 एम–।।-152(26)59 दिनांक 1.6.1962

9.जी.एस.आर.सं0 1076 दिनांक 11.8.1962 (अधिसूचना सं0 एम-5–3(1)61 दिनांक 6.8.1962

10.जी.एस.आर.सं0 1707 दिनांक 15.12.1962 अधिसूचना सं0 एम–।।–152(18)61 दिनांक 4.12.1962

11.जी.एस.आर.सं0 104 दिनांक 19.1.1963 अधिसूचना सं0 एम–।।–152(46)62 दिनांक 5.1.1963

12.जी.एस.आर.सं0 805 दिनांक 11.5.1963 (अधिसूचना सं0 एम–।।–152(58)61 दिनांक 30.4.1963

13.जी.एस.आर.सं0 842 दिनांक 18.5.1963(अधिसूचना सं0 एम–।।–152(11)62 दिनांक 6.5.1963

14.जी.एस.आर.सं0 843 दिनांक 18.5.1963 (अधिसूचना सं0 एम–।।–169(44)61 दिनांक 6.5.1963

15.जी.एस.आर.सं0 845 दिनांक ..... (अधिसूचना सं0 एम–।।–169(44)61 दिनांक 6.9.1963

16.जी.एस.आर.सं0 1243 दिनांक 27.7.1963(अधिसूचना सं0 एम–।।–1(22)63 दिनांक 18.7.1963

17.जी.एस.आर.सं0 1214 दिनांक 27.7.1963(अधिसूचना सं0 एम–।।–1(23)63 दिनांक 9.7.63

18.जी.एस.आर.सं0 1278 दिनांक 3.8.1963 (अधिसूचना सं0 एम–।।–152(37)62 दिनांक 22.7.1963

19.जी.एस.आर.सं0 1595 दिनांक 5.10.1963(अधिसूचना सं0 एम–।।–152(53)60 दिनांक 24.9.1963

20.जी.एस.आर.सं0 1685 दिनांक 26.10.1963(अधिसूचना सं0 एम–।।–152(57)61 दिनांक 15.10.1963

21.जी.एस.आर.सं0 1348 दिनांक 19.9.1964(अधिसूचना सं0 1(62)63–एम ।। दिनांक 9.9.1964

22.जी.एस.आर.सं0140 दिनांक 23.1.1965 अधिसूचना सं० 1(52)63–एम।। दिनांक 14.1.1965

23.जी.एस.आर.सं0 793 दिनांक .... 5.1965 अधिसूचना सं0 1(62)63 एम।। दिनांक 26.5.1965

24.जी.एस.आर.सं0 794 दिनांक (अधिसूचना सं0 एम–।।–1(25)64 दिनांक 28.5.1965

25.जी.आर.सं0 1011 दिनांक 24.7.1965 अधिसूचना सं0 1(17)63 एम–।। दिनांक 19.7.1965

26.जी.एस.आर.सं0 1398 दिनांक 25.9.1965 अधिसूचना सं0 1(33)65 एम–।। दिनांक 10.9.1965

27.जी.एस.आर.सं0 369 दिनांक 18.3.1967 अधिसूचना सं0 1(26)66 एम–।। दिनांक 4.3.1967

28.जी.एस.आर.सं0 370 दिनांक 2.3.1968 अधिसूचना सं0 1(2)68–एम ।। दिनांक 23.2.1968

29.जी.एस.आर.सं0 634 दिनांक 1.4.1968 अधिसूचना सं0 1(42)67–एम ।। दिनांक 30.3.1968

30.जी.एस.आर.सं0 703 दिनांक 13.4.1968 अधिसूचना सं0 1(3)68–एम ।। दिनांक 30.3.1968

31.जी.एस.आर.सं0 704 दिनांक 13.4.1968 अधिसूचना सं0 1(33)67–एम–।। दिनांक 30.3.1968

32.जी.एस.आर.सं0 154 दिनांक 25.1.1969 अधिसूचना सं0 1(3)68–एम ।। दिनांक 17.1.1969

33.जी.एस.आर.सं0 791 दिनांक 15.3.1969 अधिसूचना सं0 1(51)65–एम–।। दिनांक 26.2.1969

34.जी.एस.आर.सं0 793 दिनांक 15.3.1969 अधिसूचना सं0 ..... एम–।। दिनांक 5.3.1969

35.जी.एस.आर.सं0 939(ई) दिनांक 12.4.1969 अधिसूचना सं0 1(8)69–एम–।। दिनांक 12.4.1969

36.जी.एस.आर.सं0 1116 दिनांक 1.8.1970 अधिसूचना सं0 1(25)69–एम–6 दिनांक 12.5.1970
37.जी.एस.आर.सं0 1117 दिनांक 1.8.1970 अधिसूचना सं0 1(34)68–एम–6 दिनांक 23.5.1970
38.जी.एस.आर.सं0 1974 दिनांक 5.12.1970 अधिसूचना संख्या 1(27)70-एम-6 दिनांक 12.11.1970
39.जी.एस.आर.सं0 1279 दिनांक 11.9.1971 अधिसूचना सं0 1(33)67–एम-6 दिनांक 22.7.1971
40.जी.एस.आर.सं0 1579 दिनांक 23.10.1971 अधिसूचना सं0 1(3)71–एम-6 दिनांक 6.9.1971
41.जी.एस.आर.सं0 1580 दिनांक 23.10.1971 अधिसूचना सं0 1(9)71–एम-6 दिनांक 7.9.1971
42.जी.एस.आर.सं0 1581 दिनांक 23.10.1971 अधिसूचना सं0 1(19)71–एम-6 दिनांक 9.9.1971
43.जी.एस.आर.सं0 1582 दिनांक 23.10.1971 अधिसूचना सं0 1(4)71–एम-6 दिनांक 9.9.1971
44.जी.एस.आर.सं0 319 दिनांक 18.3.1972 अधिसूचना सं0 1(26)71–एम-6 दिनांक 14.2.1972
45.जी.एस.आर.सं0 58 दिनांक 20.1.1973 अधिसूचना सं0 1(44)72–एम–6 दिनांक 5.1.1973
46.जी.एस.आर.सं0 345 दिनांक 31.3.1973 अधिसूचना सं0 1(6)71–एम–6 दिनांक 13.3.1973
47.जी.एस.आर.सं0 617 दिनांक 9.6.1973 अधिसूचना सं0 1(34)71–एम–6 दिनांक 21.5.1973
48.जी.एस.आर.सं0 1010 दिनांक 15.9.1973 अधिसूचना सं0 1(12)73–एम–6 दिनांक 31.8.1973
49.जी.एस.आर.सं0 1011दिनांक15.9.1973 अधिसूचना सं0 1(31)71–एम–6 दिनांक 31.8.1973
50.जी.एस.आर.सं0 1195 दिनांक 3.11.1973 अधिसूचना सं0 1(11)73–एम–6 दिनांक 17.10.1973
51.जी.एस.आर.सं0 1196 दिनांक 3.11.1973 अधिसूचना सं0 1(1)73–एम–6 दिनांक 17.10.1973
52.जी.एस.आर.सं0 509 दिनांक 25.5.1974 अधिसूचना सं0 1(20)73–एम–6 दिनांक 15.5.1974
53.जी.एस.आर.सं0 1331 दिनांक 14.12.1974 अधिसूचना सं0 1(4)71–एम–6 दिनांक 28.11.1974
54.जी.एस.आर.सं0 1332 दिनांक 14.12.1974 अधिसूचना सं0 1(39)72–एम–6 दिनांक 28.11.1974
55.जी.एस.आर.सं0 1333 दिनांक 14.12.1974 अधिसूचना सं0 1(25)73–एम–6 दिनांक 28.11.1974
56.जी.एस.आर.सं0 396 दिनांक 22.3.1975 अधिसूचना सं0 3(1)74–एम–5 दिनांक 14.3.1975
57.जी.एस.आर.सं0 1164 दिनांक 7.8.1976 अधिसूचना सं0 1(70)73–एम–6 दिनांक 22.7.1976
58.जी.एस.आर.सं0 952 दिनांक 23.7.1977 अधिसूचना सं0 1(29)76–एम–6 दिनांक 2.7.1977
59.जी.एस.आर.सं0 734 दिनांक 26.5.1979 अधिसूचना सं0 1(74)75–एम–6 दिनांक 2.5.1979
60.जी.एस.आर.सं0 804 दिनांक 9.6.1979 अधिसूचना सं0 7(2)78–एम–6 दिनांक 22.5.1979
61.जी.एस.आर.सं0 835 दिनांक 16.6.1979 अधिसूचना सं0 1(79)73–एम–6 दिनांक 31.5.1979
62.जी.एस.आर.सं0 146 दिनांक 2.2.1980 अधिसूचना सं0 3(51)74–एम–6 दिनांक 16.1.1980
63.जी.एस.आर.सं0 824 दिनांक 2.10.1982 अधिसूचना सं0 7(1)82–एम–6 दिनांक 2.10.1982
64.जी.एस.आर.सं0 296 दिनांक 9.4.1983 अधिसूचना सं0 6(9)78–एम–6 दिनांक 18.3.1983
65.जी.एस.आर.सं0 838 दिनांक 12.11.1983 अधिसूचना सं0 6(6)82–एम–6 दिनांक 28.10.1983
66.जी.एस.आर.सं0 298 दिनांक 17.3.1984 अधिसूचना सं0 16(33)82–एम–6 दिनांक 28.2.1984
67.जी.एस.आर.सं0 826 दिनांक 4.8.1984 अधिसूचना सं0 6(9)78–एम–6 दिनांक 27.7.1984
68.जी.एस.आर.सं0 877 दिनांक 21.9.1985 अधिसूचना सं0 7(2)85–एम–6 दिनांक 3.9.1985
69.जी.एस.आर.सं0 146 दिनांक 22.2.1986 अधिसूचना सं0 7(6)85–एम–6 दिनांक 6.2.1986
70.जी.एस.आर.सं0 888 दिनांक 18.10.1986 अधिसूचना सं0 7(4)85–एम–6 दिनांक 22.9.1986
71.जी.एस.आर.सं0 86(ई) दिनांक 10.2.1987 अधिसूचना सं0 1(7)84–एम–6 दिनांक 10.2.1987
72.जी.एस.आर.सं0 855(ई) दिनांक 14.10.1987 अधिसूचना सं0 18(9)87–एम–6 दिनांक 14.10.1987

73.जी.एस.आर.सं0 1002(ई) दिनांक 21.12.1987 अधिसूचना सं0 6(3)87–एम–6 दिनांक 21.12.1987
74.जी.एस.आर.सं0 449(ई) दिनांक 13.4.1988 अधिसूचना सं0 7(7)87–एम–6 दिनांक 13.4.1988
75.जी.एस.आर.सं0 908(ई) दिनांक 19.10.1989 अधिसूचना सं0 7(1)89–एम–6 दिनांक 19.10.1989
76.जी.एस.आर.सं0 129(ई) दिनांक 11.3.1991 अधिसूचना सं0 7(1)90–एम–6 दिनांक 20.2.1991
77.जी.एस.आर.सं0 197(ई) दिनांक 1.4.1991 अधिसूचना सं0 7(1)90–एम–6 दिनांक 1.4.1991
78.जी.एस.आर.सं0 6(ई) दिनांक 7.1.1993 अधिसूचना 7(3)92–एम–6 दिनांक 7.1.1993
79.जी.एस.आर.सं0 345(ई) दिनांक 30.3.1994 अधिसूचना सं0 7(1)93–एम–6 दिनांक 30.3.1994
80.जी.एस.आर.सं0 724(ई) दिनांक 27.9.1994 अधिसूचना सं0 1(7)93–एम–6 दिनांक 27.7.1994
81.जी.एस.आर.सं0 634(ई) दिनांक 13.9.1995 अधिसूचना सं0 7(2)95–एम–6 दिनांक 28.8.1995
82.जी.एस.आर.सं0 9(ई) दिनांक 4.1.1999 अधिसूचना सं0 7(1)98–एम–6 दिनांक 4.1.1999

MINISTRY OF MINES AND MINERALS

(Department of Mines)

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th January, 2000

G. S. R. 56 (E).— In exercise of the powers conferred by section 13 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Mineral Concession Rules, 1960, namely:-

1. (a) These rules may be called the Mineral Concession (Amendment) Rules, 2000.
(b) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Mineral Concession Rules, 1960 (hereinafter referred to as the principal rules), in rule 2, in clause (i) for the words and brackets "(Regulation and Development)" the brackets and words "(Development and Regulation)" shall be substituted.

3. In rule 3 of the principal rules, after the brackets, word and figures "(33 of 1962)", the following words and letter shall be inserted, namely,-

"and the rules made thereunder in respect of licensing relating to atomic minerals listed in Part B of the First Schedule to the Act."

4. In the principal rules, for "CHAPTER II – Certificate of Approval", the following CHAPTER shall be substituted, namely:-

"CHAPTER II

Grant of Reconnaissance Permits

4. Application for reconnaissance permit.-(1) An application for reconnaissance permit shall be made to the State Government in Form 'A' through such officer or authority as the State Government may specify in this behalf.

(2) (a): Every such application shall be accompanied by a non-refundable fee calculated at the rate of five rupees per square kilometre.

(b) a valid clearance certificate, in the form prescribed by the State Government for payment of mining dues, such as royalty or dead rent or surface rent payable under the Act or rules made thereunder, from that Government or any officer or authority authorised by that Government in this behalf;

Provided that where a person has furnished an affidavit to the satisfaction of the State Government stating that he does not hold and has not held a reconnaissance permit, it shall not be necessary for him to produce the said valid clearance certificate:

Provided that an affidavit stating that no dues are outstanding shall suffice subject to the condition that the certificate required as above shall be furnished within ninety days of the date of application and the application shall become invalid if the party fails to file the certificate within the said ninety days:

Provided also that where any injunction has been issued by a court of law or any other competent authority staying the recovery of any such mining dues or income tax, non-payment thereof shall not be treated as a disqualification for the purpose of granting the reconnaissance permit:

Provided further that in case the applicant is a partnership firm or a private limited company, such certificate shall be furnished by all persons of the partnership firm or, as the case may be, all members of the private limited company.

(c) an affidavit stating that the applicant has -

(i) filed up–to-date income-tax returns;
(ii) paid the income-tax assessed on him; and
(iii) paid the income-tax on the basis of his assessment as provided in the Income-Tax Act, 1961 (43 of 1961).

(d) an affidavit showing the particulars of areas, mineral-wise in the State, which the applicant or any person jointly with him -

(i) already holds under a reconnaissance permit;
(ii) has applied for but not granted; and
(iii) being applied for simultaneously.

4A. Acknowledgement of application.-(1) Where an application for the grant of reconnaissance permit is delivered personally, its receipt shall be acknowledged forthwith.

(2) Where such application is received by registered post, its receipt shall be acknowledged on the same day.

(3) In any other case, the receipt of such application shall be acknowledged within three days of the receipt.

(4) The receipt of every such application shall be acknowledged in Form 'D-1'.

5. Refusal of application for a reconnaissance permit.-(1) The State Government may after giving an opportunity of being heard and for reasons to be recorded in writing and communicated to the applicant, refuse to grant a reconnaissance permit over the whole or part of the area applied for.

(2) Where it appears that the application is not complete in all material particulars or is not accompanied by the required documents, the State Government shall, by notice, require the applicant to supply the omission or, as the case may be, furnish the documents without delay and in any case not later than thirty days from the date of receipt of the said notice by the applicant.

6. Status of grant on death of the applicant for reconnaissance permit.-(1) Where an applicant for the grant of a reconnaissance permit dies before the order granting him a reconnaissance permit is passed, the application for the grant of reconnaissance permit shall be deemed to have been made by his legal representative.

(2) In the case of an applicant in respect of whom an order granting a reconnaissance permit is passed but who dies before the deed referred in sub rule(1) of rule 7A is executed, the order shall be deemed to have been passed in the name of the legal representative of the deceased.

7. Conditions of a reconnaissance permit.-(1) Every reconnaissance permit granted under these rules, shall, in addition to any other conditions that may be specified therein be subject to the following conditions namely,

